(स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं निर्भीक राष्ट्रीय हिन्दी समाचार पत्र)



हिन्दी दैनिक

# बुद्ध का संदेश

लखनऊ,कानपुर,कन्नौज,बरेली,सीतापुर,सोनभद्र,गोण्डा,बाराबंकी,बलरामपुर,श्रावस्ती,बहराइच,अम्बेडकरनगर,फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर,गोरखपुर,कुशीनगर,देवरिया,महराजगंज,सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।

दही का अधिक सेवन...8



रविवार, 09 जनवरी 2022 सिद्धार्थनगर संस्करण | www.budhakasandesh.com | वर्ष: 09 अंक: 21 पृष्ठ 8 आमंत्रण मूल्य 2/–रूपया

लखनऊ सुचीबद्ध कोड– SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड–133569 | सम्पादक : राजेश शर्मा | उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त

## विधानसभा चुनाव: 7 चरणों में होंगे यूपी के चुनाव

### पंजाब, गोवा, उत्तराखंड में 1 फेज में मतदान, 10 मार्च को आएंगे नतीजे

उत्तर प्रदेश, पंजाब, उत्तराखंड, गोवा और मणिपुर में विधानसभा चुनाव का बिगुल बज गया है। चुनाव आयोग की ओर से प्रेस कॉन्फ्रेंस कर आज इसकी जानकारी दी गई। इसके साथ ही इन पांचों राज्यों में आचार संहिता भी लागू हो गया। पांचों राज्यों के चुनाव 7 फेज में में होंगे। पहला चरण का मतदान 10 फरवरी को होगा। गोवा, पंजाब और उत्तराखंड में एक चरण में चुनाव। होंगे जबकि उत्तर प्रदेश में 7 पेज में चुनाव कराए जाएंगे। 14 फरवरी को दूसरे चरण का मतदान होगा। दूसरे चरण में ही गोवा, उत्तराखंड और पंजाब में चुनाव होंगे। 20 फरवरी को तीसरे चरण का चुनाव होगा। 23 फरवरी को चौथे चरण के लिए मतदान डाले जाएंगे। मणिपुर में दो चरणों में चुनाव होंगे। पांचवें चरण के मतदान 27 फरवरी को होगा। छठे चरण का मतदान 3 मार्च को होगा। 27 फरवरी और 3 मार्च को मणिपुर में चुनाव होंगे। आखरी चरण के चुनाव 7 मार्च को कराए जाएंगे। 10 मार्च को सभी राज्यों के चुनावी नतीजे आएंगे।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि कोरोना नियमों के साथ चुनाव कराए जाएंगे। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची 5 जनवरी को प्रकाशित हुई थी। उन्होंने कहा कि आगामी चुनाव में 18.3 करोड़ मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि चुनाव लड़ने वाले




उम्मीदवारों को ऑनलाइन नामांकन दाखिल करने का विकल्प भी दिया जाएगा। इसके साथ ही चुनाव आयोग की ओर से यह भी कहा गया कि 24.9 लाख मतदाता इस बार पहली बार वोट डालेंगे। इसके साथ ही यह भी बताया गया है कि इस बार महिला वोटरों की भागीदारी बढ़ेगी। उत्तर प्रदेश में 29: मतदाता पहली बार वोट डालेंगे। यह सुनिश्चित किया जाएगा कि सभी पोलिंग बूथ ग्राउंड फ्लोर पर ही रहे। पोलिंग स्टेशन में 16 फीसदी की वृद्धि की गई है। कुल 215368 पोलिंग स्टेशन होंगे।हर विधानसभा क्षेत्र में कम से कम एक मतदान केंद्र ऐसा होगा जो विशेष रूप से महिला कर्मियों द्वारा संचालित किया जाएगा ताकि महिला मतदाताओं को प्रोत्साहित किया जा सके। मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों को ऑनलाइन नामांकन दाखिल करने का विकल्प भी दिया जाएगा। सीईसी सुशील चंद्रा ने कहा कि 80 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिक, विकलांग व्यक्ति और ब्टप्क19 रोगी डाक मतपत्र द्वारा मतदान कर सकते हैं। सभी मतदान केंद्रों पर ईवीएम और वीवीपैट का इस्तेमाल किया जाएगा। चुनाव आयोग ने चुनाव के सुचारू संचालन के लिए पर्याप्त संख्या में ईवीएम और वीवीपैट सुनिश्चित करने के लिए पहले ही व्यवस्था कर ली है। सीईसी सुशील चंद्रा ने कहा राजनीतिक दलों के लिए यह अनिवार्य है कि वे मतदान उम्मीदवारों के रूप में चुने गए लंबित आपराधिक मामलों वाले व्यक्तियों के बारे में विस्तृत जानकारी अपनी वेबसाइट पर अपलोड करें। उम्मीदवार के चयन के लिए उन्हें कारण भी देना होगा। चुनाव आयोग ने बड़ा फैसला लेते हुए साफ तौर पर कह दिया है कि 15 जनवरी तक यात्रा रोड शो, साइकिल–बाइक रैली पर पाबंदी रहेगी। जबकि चुनावी दल वर्चुअल तरीके से रैली कर सकते हैं। डोर टू डोर कैंपेन के लिए सिर्फ 5 लोगों की ही इजाजत रहेगी। घर–घर जाकर सिर्फ 5 लोग ही प्रचार कर सकेंगे। कोविड–19 नियमों के उल्लंघन करने पर कार्यवाही की जा सकती है।

## मोदी सरकार पर भड़के राहुल गांधी, कहा– भाजपा ने नफरत की कई फैक्टरी लगा रखी हैं



नयी दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने एक खबर का हवाला देते हुए शनिवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने नफरत की कई फैक्टरी लगा रखी हैं। उन्होंने ट्वीट किया, ''बुल्ली बाई एप मामले में अभियुक्तों की कम उम्र देखकर पूरा देश पूछ रहा था कि इतनी नफरत आती कहां से है? दरअसल भाजपा ने नफरत की कई फैक्टरी लगा रखी हैं। 'टेक फॉग' (एप) उनमें से एक है।'' इससे पहले, कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने शुक्रवार को भाजपा पर 'टेक फॉग' नामक एक ऐप के माध्यम से कुछ समुदायों, महिलाओं और विपक्ष के खिलाफ दुष्प्रचार फैलाने का आरोप लगाया था और कहा था कि इस मामले पर उच्चतम न्यायालय को संज्ञान लेना चाहिए। उन्होंने एक समाचार पोर्टल की खबर का उल्लेख करते हुए यह भी कहा था कि सरकार को ऐप के संदर्भ में तत्काल कदम उठाना चाहिए। कांग्रेस के इस आरोप पर भाजपा की तरफ से फिलहाल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।

## दिल्ली ने तोड़ा रिकर्ड, 13 साल बाद जनवरी में एक दिन में सर्वाधिक हुई बारिश



नयी दिल्ली। दिल्ली में कम से कम पिछले 13 साल बाद जनवरी में एक दिन में सर्वाधिक बारिश दर्ज की गई और शुक्रवार को रात भर हुई बारिश के कारण राष्ट्रीय राजधानी के निचले इलाकों में पानी भर गया। भारत मौसम विज्ञान विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, शहर के कई हिस्सों में जलभराव की जानकारी मिली है। सफदरजंग वेधशाला ने 41 मिमी बारिश दर्ज की, जो कम से कम 13 साल में जनवरी में एक दिन में हुई सर्वाधिक बारिश है। पालम में मौसम केंद्र ने शनिवार सुबह साढ़े आठ बजे तक पिछले 24 घंटे में 48 मिमी बारिश दर्ज की। रात भर हुई बारिश के कारण शहर की वायु गुणवत्ता में सुधार देखा गया और सुबह नौ बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 114 दर्ज किया गया, जो मध्यम श्रेणी में आता है। यह शुक्रवार को 182 था। शून्य से 50 के बीच एक्यूआई को अच्छा , 51 से 100 के बीच संतोषजनक , 101 से 200 के बीच मध्यम , 201 से 300 के बीच खराब , 301 से 400 के बीच बहुत खराब और 401 और 500 के बीच गंभीर श्रेणी में माना जाता है।

## मंत्री विश्वास सारंग ने किया दावा, कहा - तीसरी लहर उतनी घातक नहीं



भोपाल। मध्य प्रदेश के चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग ने कोरोना की तीसरी लहर को कम घातक होने का दावा दिया है। विश्वास सारंग ने कहा कि कोरोना संक्रमित बढ़ रहे हैं लेकिन ये ज्याादा घातक नहीं है। जो पॉजिटिव हैं या आ रहे हैं उनकी तबीयत ज्यादा खराब नहीं है। उन्होंने कहा कि कोरोना वैक्सीन के भी अच्छे परिणाम आ रहे हैं। पॉजिटिव में बहुत से लोग ऐसे ही है जिनकी तबीयत खराब नहीं है उनकी रिपोर्ट पॉजिटिव आ रही है। वैक्सीन की वजह से कोरोना का घातक असर नहीं साबित हो रहा है। 15 से 18 साल के बच्चों का वैक्सीन का कार्य सुचारू ढंग से हो रहा है। हेल्थ वर्कर, फ्रंट लाइन वॉरियर्स पुलिस कर्मी, नगर निगम के कर्मचारियों की लिस्ट हमने दोबारा तैयार की है। विश्वास सारंग ने जानकारी देते हुए कहा कि आयुष्मान भारत योजना के तहत कोरोना मरीजों का इलाज होगा।पहले भी हजारों हमारे नागरिकों का इलाज किया था। उन्होंने बताया कि आयुष्मान भारत के अंतर्गत भी कोविड का इलाज होगा। सारंग ने कहा कि सरकार ने सभी चिकित्सा सेवाओं को चुस्त–दुरुस्त कर लिया है। वार्ड बनकर तैयार हैं। ऑक्सीजन कंसंट्रेटर से लेकर ऑक्सीजन स्टोरेज सब पूरा काम कर लिया गया है। वहीं गवर्नमेंट और प्राइवेट अस्पतालों में इलाज की सभी तरह की व्यवस्थाएं की गई हैं।

## चंडीगढ़ में बड़ा उलटफेर, भाजपा की सरबजीत कौर बनीं मेयर, पार्षदों को पुलिस ने हटाया

चंडीगढ़। चंडीगढ़ नगर निगम चुनाव के बाद बड़ा उलटफेर करते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने मेयर पद पर कब्जा कर लिया है। आपको बता दें कि भाजपा की सरबजीत कौर को मेयर चुन लिया गया है। नगर निगम चुनाव में सबसे बड़ी पार्टी बनने उभरने वाली आम आदमी पार्टी (आप) को 35 में से 14 सीटों पर जीत मिली थी। जबकि भाजपा को 12 और कांग्रेस ने 8 सीटों पर जीत दर्ज की थी। जिसके बाद कांग्रेस ने मेयर पद के लिए कोई भी उम्मीदवार नहीं उतारा था। वहीं आप की तरफ से अंजू कात्याल का मुकाबला भाजपा की सरबजीत कौर से था। भाजपा और आप के बीच कांटे हुआ कांटे का मुकाबला : कांग्रेस से निकाले जाने के बाद देवेंद्र सिंह बबला अपनी नवनिर्वाचित पार्षद पत्नी हरप्रीत कौर बबला के साथ भाजपा में शामिल हो गए, जबकि भाजपा के पास सांसद किरण खेर का भी वोट था। जिसको मिलाकर भाजपा के खाते में भी 14 वोट हो गए। ऐसे में भाजपा और आप के पास 14–14 वोट थे। समाचार एजेंसी एएनआई के मुताबिक, भाजपा की सरबजीत कौर 14 वोटों से चंडीगढ़ नगर निगम की मेयर चुनी गईं। कुल 28 वोट डाले गए थे।

## कांग्रेस गोवा में भाजपा को हराने की इच्छुक किसी भी पार्टी का समर्थन लेने को है तैयार: चिदम्बरम



पणजी। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी चिदम्बरम ने शनिवार को कहा कि उनकी पार्टी आगामी गोवा विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को हराने की इच्छुक किसी भी पार्टी का समर्थन लेने के लिये तैयार है। उनके इस बयान से थोड़ी ही देर पहले तृणमूल कांग्रेस की गोवा प्रभारी महुआ मोइत्रा ने सुझाव दिया था कि उनकी पार्टी गोवा फॉरवार्ड पार्टी (जीएफपी) और कांग्रेस के साथ चुनाव पूर्व गठबंधन करने के लिये तैयार है। चिदम्बरम ने कहा, '' मैंने आज अखबार में गठबंधन के विषय पर तृणमूल कांग्रेस का बयान पढ़ा है। आधिकारिक बयान का इंतजार करते हैं।'' उन्होंने सवालिये लहजे में कहा कि वैसे कांग्रेस अपने बलबूते भाजपा को हराने में सक्षम है, लेकिन ''यदि कोई पार्टी भाजपा को हराने में कांग्रेस का समर्थन करना चाहती है, तो मैं क्यों ना कहूं?'' साल 2017 में 40 सदस्यीय गोवा विधानसभा के लिये चुनाव में सबसे अधिक 17 सीटें जीतने के बाद कांग्रेस के विधायकों की संख्या पिछले पांच वर्षों मेंघटती चली गई। उसके बहुत सारे विधायक भाजपा में चले गये और दो विधायक तृणमूल कांग्रेस में शामिल हो गये। अब विधानसभा में कांग्रेस के महज दो विधायक हैं।

## सुरक्षा चूक मामले पर उदित राज का विवादित बयान

### बोले– सत्ता के लिए पीएम मोदी ने खुद कराया पुलवामा कांड



नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सुरक्षा चूक मामले पर कांग्रेस नेता उदित राज का विवादित बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की नौटंकी ने अब पुख्ता कर दिया कि सत्ता की भूख के लिए पुलवामा कांड खुद कराया। हालांकि इस मामले में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने पलटवार किया। दरअसल, पंजाब दौरे पर गए प्रधानमंत्री मोदी की सुरक्षा चूक का बड़ा मामला सामने आया था। जिसके बाद भाजपा और कांग्रेस आमने सामने है। इसी कड़ी पर अब उदित राज का बयान आया है। भाजपा ने किया पलटवार: भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने पलटवार करते हुए कहा कि उदित राज जब भाजपा में थे कांग्रेस पर आरोप लगाते थे और अब कांग्रेस में चले गए तो भाजपा पर आरोप लगा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सोनिया गांधी के इशारे पर कांग्रेस नेता ऐसे बयान दे रहे हैं। मैं कह सकता हूं कि राहुल गांधी चीन से पैसा लेते हैं और सोनिया गांधी को पाकिस्तान से निर्देश मिलते हैं लेकिन बिना सबूत के हम किसी पर अनर्गल आरोप नहीं लगाते हैं। फिर क्या बोले उदित राज ?: कांग्रेस नेता उदित राज ने खबरों से जुड़ी एक तस्वीर साझा करते हुए ट्वीट किया कि भाजपाई नेता जब कांग्रेस पार्टी पर बिना किसी सबूत के श्खूनी इरादेश जैसे अनर्गल आरोप लगा सकते हैं तो प्रधानमंत्री जी से पुलवामा कांड पर सवाल क्यों नहीं किया जा सकता ? गौरतलब है कि 14 फरवरी, 2019 को जम्मू–कश्मीर के पुलवामा में सीआरपीएफ के काफिले पर आत्मघाती हमला हुआ था। जिसमें 40 जवान शहीद हो गए थे। इस हमले की जिम्मेदारी पाकिस्तान स्थित इस्लामिक आतंकवादी समूह जैश–ए–मोहम्मद ने ली थी। हालांकि, शहीद जवानों का बदला लेने के लिए भारत ने मुंहतोड़ जवाब देते हुए बालाकोट एयरस्ट्राक किया था और जैश–ए–मोहम्मद के आतंकी ठिकानों को नेस्तानाबूत कर दिया था।

## भाजपा 'सबका साथ सबका विकास, तुष्टीकरण किसी का नहीं' अभियान के साथ चुनाव लड़ेगी: सीएम योगी



लखनऊ। 'सबका साथ सबका विकास, लेकिन तुष्टीकरण किसी का नहीं' को दोहराते हुए उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कहा कि आगामी चुनाव अस्सी बनाम बीस फीसदी के बीच होगा। उन्होंने कहा, '' 80 फीसदी समर्थक एकतरफ होगा, 20 फीसदी दूसरी तरफ होगा। मुझे लगता है कि 80 फीसदी सकारात्मक ऊर्जा के साथ आगे बढ़ेगें जबकि बीस फीसदी ने हमेशा विरोध किया है, आगे भी विरोध करेंगे लेकिन सत्ता भाजपा की आएगी। भाजपा फिर 'सबका साथ सबका विकास' के अभियान को आगे बढ़ाने का काम करेगी।'' उन्होंने शनिवार को दो दिवसीय दूरदर्शन कान्कलेव के समापन अवसर पर कितना बदला यूपी कार्यक्रम में एक सवाल का जवाब देते हुए हुए कहा,, हम लोग जब 2017 में सरकार में आये थे तो हमने एक चीज उस दिन तय कर ली थी कि हमारी सरकार प्रधानमंत्री मोदी के 'सबका साथ सबका विकास' के मंत्र को अंगीकार करते हुए कार्य करेगी। हमने विकास योजनाओं का लाभ सबको दिया हैं, विकास सबका किया है, लेकिन तुष्टीकरण किसी का नही किया। उन्होंने कहा, अगर कोई इसे हमारी कमजोरी मानता है तो यह कमजोरी हमेशा हमारे साथ रहेगी, क्योंकि राष्ट्रवाद हम सबका संस्कार है। अपने इस राष्ट्रवाद के मुद्दे से हमलोग कभी भी विचलित नहीं होंगे। दूसरा, कोई भारत विरोधी तत्व और हिन्दू विरोधी तत्व मोदी जी और योगी को कैसे स्वीकार्य कर लेगा , वह हमें कभी भी स्वीकार्य नहीं करेगा। मैं अपनी गर्दन काटकर के तश्तरी में उसके सामने प्रस्तुत कर दूं तो भी वह मुझे कोसेगा ही। ऐसे तत्वों की हम परवाह नहीं करते हैं। उन्होंने कहा, मेरी प्रतिबद्धता प्रदेश की 25 करोड़ जनता है, बिना भेदभाव के मुझे उनके लिए कानून का शासन स्थापित करना है और हम लोग उन लक्ष्यों को बढ़ रहें हैं। मैं विश्वास के साथ कह सकता हूं जो गलतफहमी के शिकार हैं, वे ही अपने आंकड़े प्रदेश में थोपने का प्रयास कर रहे हैं। लेकिन यह चुनाव अस्सी बनाम बीस का होगा, अस्सी फीसदी समर्थक एकतरफ होगा, बीस फीसदी दूसरी तरफ होगा।'' विधानसभा चुनाव की बात करते हुये मुख्यमंत्री ने कहा, साल भर में जो विद्यार्थी मेहनत नहीं करता है, कक्षा में नही जाता है, उसकी समझ में चीजें स्पष्ट नहीं होती है। उसे ज्यादा घबराहट होती है। लेकिन जिसने नियमित रूप से अपनी कक्षायें की हो, जिसने अपना कार्य समयबद्ध तरीके से आगे बढ़ाया हो और हर एक क्षेत्र में अच्छा करने का प्रयास किया हो तो उसके लिए अपनी उपलब्धियों को लेकर के जाने का उत्साह होता है। मुझे लगता हैं कि मैं उन विद्यार्थियों में से हूं जिसने पूरी तन्यमयता के साथ पार्टी के विजन को पार्टी के लोक कल्याण संकल्प पत्र को जमीनी धरातल पर उतारने का काम किया है।''




## जयंत चौधरी नहीं लड़ेंगे विधानसभा चुनाव, अखिलेश संग गठबंधन में इन सीटों पर लड़ेगी रालोद



लखनऊ। उत्तर प्रदेश समेत पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। इससे पहले राजनीतिक पार्टियां समान विचारधारा वाली पार्टियों को एकजुट करने में जुटी हुई हैं। ऐसे में समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव और राष्ट्रीय लोक दल (रालोद) प्रमुख जयंत चौधरी एकसाथ चुनावी मैदान पर उतरने वाले हैं, जिसकी उन्होंने पहले ही घोषणा कर दी थी। लेकिन अभी चौंका देने वाली खबर सामने आई है। आपको बता दें कि रालोद प्रमुख जयंत चौधरी विधानसभा चुनाव नहीं लड़ेंगे। उन्होंने खुद शुक्रवार को पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में यह घोषणा की।

चुनाव नहीं लड़ेंगे जयंत चौधरी: अंग्रेजी न्यूज वेबसाइट श्इकोनॉमिक्स टाइम्सश ने सूत्रों के हवाले से बताया कि रालोद की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में शामिल हुए रालोद के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि जयंत चौधरी विधानसभा चुनाव नहीं लड़ने वाले हैं। रालोद ने शुक्रवार को पार्टी नेताओं के सामने समाजवादी पार्टी के साथ अपने गठबंधन का औपचारिक ऐलान किया है। एक दिन पहले ही अखिलेश यादव से मिलने के लिए जयंत चौधरी लखनऊ गए थे। वहीं गोंडा में अखिलेश यादव ने बताया था कि दोनों पार्टियों के बीच समझौते को अंतिम रूप दिया जा चुका है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश की 24 सीटों पर चुनाव लड़ेगी रालोद: जयंत चौधरी के एक करीबी नेता ने बताया कि रालोद पश्चिमी उत्तर प्रदेश की 24 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। जिनमें गौतम बुद्ध नगर, गाजियाबाद, मुजफ्फरनगर और बागपत शामिल हैं। इसके अतिरिक्त समाजवादी पार्टी के 8 नेता रालोद के चुनाव चिह्न के साथ मैदान पर उतरेंगे। इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में यह भी फैसला लिया गया कि पार्टी 12 जनवरी से लेकर 12 फरवरी तक श्गांव–गली दस्तकश कार्यक्रम चलाएगी। जिसे पूर्व रालोद प्रमुख अजीत सिंह की जयंती का प्रतीक माना जाता है। सरकार बनने पर क्या होगी जयंत चौधरी की भूमिका ?: विधानसभा चुनाव में अगर समाजवादी पार्टी और रालोद गठबंधन को जीत मिलती है तो सरकार में जयंत चौधरी की कोई भूमिका नहीं होगी। एक सूत्र ने बताया कि जयंत चौधरी ने इसके बदले में राज्यसभा की एक सीट चाहते हैं। गौरतलब है कि रालोद ने साल 2002 के विधानसभा चुनाव में भाजपा के साथ गठबंधन करके 14 सीटों पर जीत दर्ज की थी। इसके बाद साल 2007 में पार्टी ने अपने दम पर चुनाव लड़ा और 10 सीटों पर जीत हासिल करने में कामयाब हुई। इस दौरान उनके वोट प्रतिशत में भी इजाफा हुआ था और फिर साल 2012 के चुनावों में रालोद ने कांग्रेस से हाथ मिलाने का निर्णय लिया था। ऐसे में उन्हें 9 सीटों पर ही जीत मिल पाई। जबकि साल 2017 में चल रही मोदी लहर में रालोद ने अकेले चुनाव लड़ने का मन बनाया था और पार्टी को महज एक सीट से ही संतोष करना पड़ा था।

# महिला ने हल्का दरोगा पर गाली देने व मोबाइल छीनने का आरोप लगाते हुए एसपी से की शिकायत

करनैलगंज,गोंडा। एक महिला ने हल्का दरोगा पर गाली देने व मोबाइल छीनने का आरोप लगाते हुए एसपी से शिकायत की है। प्रकरण कोतवाली करनैलगंज अंतर्गत ग्राम नरायनपुर माझा के मजरा बकियन पुरवा से जुड़ा है। यहां की निवासी अनुसूचित जाति की महिला जसोमती ने आनलाइन शिकायत किया है। जिसमे कहा गया है कि वह निहायत गरीब व मजदूरी पेशा परिवार की है। उसके पति परिवार के भरण पोषण के लिये उसके पति प्रतिदिन सुबह घर से निकल जाते है और शाम को वापस आते है। वह बच्चों के साथ घर पर रहती है। बीते 19 दिसंबर बकी सुबह करीब 6 बजे उसके ननद की तवियत खराब होने का फोन आया। जिस पर उसके पति अपने बहन के घर चले गये। इसी बीच गांव के ही कुछ दबंग किस्म के लोग लाठी, डंडा से लैस होकर गाली देते हुये उसके दरवाजे पर पहुंच गये और उसे पकड़कर अश्लील हरकत करने लगे। किसी तरह वह बचकर अपने बच्चों के साथ घर के अंदर भाग गई। उसका पीछा करते हुये दबंग घर के अंदर घुसकर तोड़फोड़ करते हुये उसके कमरे का दरवाजा तोड़ने का प्रयास करने लगे। उसके हल्ला गुहार गांव के लोग दौड़े। जिस पर जान से मार डालने की धमकी देते हुये दबंग भाग निकले। जिसकी बिना जांच व कार्यवाही किये ही हल्का दरोगा ने मनमानी तरीके से रिपोर्ट लगाकर शिकायत निक्षेपित कर दिया। आरोप है कि दोपहर बाद हल्का दरोगा उसके दरवाजे पर पहुंचे और उल्टे उसी पर फर्जी आरोप लगाकर शिकायत करने का आरोप लगाने लगे। उसने घटना के बारे में बताना चाहा जिस पर दोनों लोग जाति सूचक शब्द का प्रयोग करते हुये गाली देते हुये उसकी पुत्री से मोबाइल छीनकर चले गये।

# श्रमिकों के टीकाकरण के लिए भट्ठा स्वामियों के साथ डीएम ने की बैठक

बहराइच। जनपद में संचालित ईंट भट्ठों पर कार्यरत श्रमिक एवं मजदूरों तथा उनके परिवारों का शत–प्रतिशत टीकाकरण कराये जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र ने कलेक्ट्रेट सभागार में भट्ठा स्वामियों के साथ आयोजित बैठक में निर्देश दिया कि भट्ठा परिसर में कोविड–19 के सुरक्षात्मक प्रोटोकाल का पालन सुनिश्चित कराएं। कार्य के दौरान सोशल डिस्टेंसिंग, मास्क वीविग, हाथों की स्वच्छता पर विशेष ध्याल दिया जाय। सभी भट्ठा स्वामियों को निर्देश दिया गया कि कार्यरत श्रमिकों तथा उनके परिवारों का शत–प्रतिशत टीकाकरण कराया जाय। जिला प्रशासन द्वारा टीकाकरण कार्य में हर संभव सहयोग प्रदान किया जायेगा। आवश्यकतानुसार भटठों पर भी वैक्सीनेशन की व्यवस्था कर दी जायेगी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी डॉ. चन्द्र ने भट्ठा स्वामियों से अपेक्षा की कि समय से रायल्टी की धनराशि जमा कराना सुनिश्चित करें। डीएम डॉ. अपर जिलाधिकारी व खनन निरीक्षक को निर्देश दिया कि समय से रायल्टी जमा न करने वाले तथा मानकविहीन भट्ठा स्वामियों के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाय। इस सम्बन्ध में बहराइच ईंट निर्माता कल्याण समिति के पदाधिकारियों द्वारा सुझाव दिया गया कि ऐसे भट्ठा स्वामियों की सूची उन्हें भी उपलब्ध करा दी जाय समिति भी अपने स्तर सहयोग प्रदान कर सके। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी मनोज, डिप्टी कलेक्टर प्रशिक्षु पी.सी.एस. अमन देओल, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. एस.के. सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अजय कुमार सिंह अन्य सम्बन्धित अधिकारी तथा बहराइच ईंट निर्माता कल्याण समिति के पदाधिकारी भट्ठा स्वामी चन्द्र देव सिंह, मोहम्मद अब्दुल्ला, आनन्द सत्या, सरदार मंजीत सिंह, जावेद जाफरी सहित अन्य भट्ठा स्वामी मौजूद रहे।

## नवागत मण्डलायुक्त नवदीप रिनवा ने सम्भाला कार्यभार

अयोध्या। नवागत मण्डलायुक्त नवदीप रिनवा ने कार्य भार संभाला। उल्लेखनीय है कि निवर्तमान मण्डलायुक्त एम0पी0 अग्रवाल का स्थानान्तरण देवीपाटन मण्डल के लिए हो गया है तथा निवर्तमान मण्डलायुक्त के स्थान पर नये मण्डलायुक्त नवदीप रिनावा ने सर्किट हाउस में पहुंचकर सामान्य अधिकारियों से अभिवादन स्वीकार्य किया तथा आयुक्त कार्यालय में पहुंचकर मण्डलायुक्त अयोध्या का कार्यभार ग्रहण किया। श्री रिनवा 1999 बैच के आईएएस अधिकारी है। आपका आयुक्त पद पर स्थानान्तरण उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के प्रबन्ध निदेशक पद से हुआ है। इसके पूर्व आप मेरठ, मऊ सहित आदि जनपदों के जिलाधिकारी के रूप में तैनात रहे है। कार्यभार ग्रहण करने के अवसर पर जिलाधिकारी नितीश कुमार, नगर आयुक्त विशाल सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अनिता यादव, अपर आयुक्त प्रशासन छोटेलाल, अपर आयुक्त न्यायिक रविप्रकाश श्रीवास्तव, अपर जिलाधिकारीगण, उप निदेशक सूचना डा. मुरली धर सिंह, वरिष्ठ मीडिया कर्मी, आयुक्त के सहायक अशोक कुमार साहू, विशेष सहायक सच्चिदानन्द सिंह सहित प्रशासनिक अधिकारी और आयुक्त कार्यालय के वरिष्ठ सहायक सहित अन्य सहयोगी कर्मचारी उपस्थित थे।

# थाना समाधान दिवसों के लिए नामित किये गये राजपत्रित अधिकारी

## आगामी माह जनवरी, फरवरी एवं मार्च के लिए रोस्टर निर्धारित

बहराइच। शासन के निर्देश पर प्रत्येक माह के द्वितीय एवं चतुर्थ शनिवार को पूर्वान्ह 10 बजे से अपरान्ह 02 बजे तक जिले के थानों पर आयोजित होने वाले समाधान दिवसों को प्रभावी, सार्थक एवं जनोपयोगी बनाये जाने के लिए राजपत्रित अधिकारियों को नामित किया गया है। जिला मजिस्ट्रेट एवं पुलिस अधीक्षक के संयुक्त हस्ताक्षर से जारी रोस्टर के अनुसार नामित राजपत्रित अधिकारी माह जनवरी, फरवरी व मार्च 2022 के द्वितीय एवं चतुर्थ शनिवार को आयोजित होने वाले थाना समाधान दिवसों में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहकर आमजन की ज्यादा से ज्यादा समस्याओं का समाधान पंचायती तरीके से कराना सुनिश्चित करेंगे। इस अवसर पर आमजन की ज्यादा से ज्यादा समस्याओं के समाधान के लिए राजस्व निरीक्षक, क्षेत्रीय लेखपाल व नगर निकाय के क्षेत्रान्तर्गत थानों में सम्बन्धित निकाय के अधिशासी अधिकारी एवं कर्मचारी भी मौजूद रहेंगे।

जिला मजिस्ट्रेट व पुलिस अधीक्षक के संयुक्त हस्ताक्षर द्वारा जारी रोस्टर के अनुसार कोतवाली नगर के लिए तहसीलदार सदर बहराइच, कोतवाली देहात के लिए चकबन्दी अधिकारी द्वितीय बहराइच, थाना दरगाह शरीफ के लिए तहसीलदार सदर, रानीपुर के लिए बी.डी.ओ. चित्तौरा, रिसिया के लिए बी.डी.ओ. रिसिया, पयागपुर के लिए बी.डी.ओ. पयागपुर, विशेश्वरगंज के लिए तहसीलदार पयागपुर, फखरपुर के लिए बीडीओ हुजूरपुर, हुजूरपुर के लिए बीडीओ फखरपुर व थाना कैसरगंज के लिए नायब तहसीलदार कैसरगंज को थाना समाधान दिवस के लिए राजपत्रित अधिकारी नामित किया गया है।

इसी प्रकार थाना जरवलरोड के लिए नायब तहसीलदार जरवल, रामगॉव के लिए बी.डी.ओ. तेजवापुर, हरदी के लिए नायब तहसीलदार महसी, बौण्डी के लिए बीडीओ शिवपुर, खैरीघाट के लिए बीडीओ महसी, कोतवाली नानपारा के लिए बी.डी.ओ. बलहा, रूपईडीहा के लिए तहसीलदार नानपारा, नवाबगंज के लिए बी.डी.ओ. नवाबगंज, मटेरा के लिए नायब तहसीलदार नानपारा, कोतवाली मूर्तिहा के लिए बी.डी.ओ. मिहींपुरवा, मोतीपुर के लिए तहसीलदार मिहींपुरवा (मोतीपुर) तथा थाना सुजौली के लिए नायब तहसीलदार मिहींपुरवा को थाना समाधान दिवस के लिए राजपत्रित अधिकारी नामित किया गया है।

## उर्वरक व्यापारियों की दुकानों पर छापेमारी से उर्वरक व्यापारियों में हड़कंप

करनैलगंज,गोंडा। करनैलगंज क्षेत्र के उर्वरक व्यापारियों की दुकानों पर छापेमारी से उर्वरक व्यापारियों में हड़कंप मच गया। . कृषि विभाग के संभागीय कृषि अधिकारी शिवशंकर चौधरी, अवर अभियंता कृषि शिव प्रभात सिंह की टीम ने करनैलगंज तहसील क्षेत्र के बालपुर, करनैलगंज एवं ग्रामीण क्षेत्र के करीब एक दर्जन से अधिक उर्वरक की दुकानों पर छापेमारी किया और दुकानों पर मौजूद स्टॉक का सत्यापन किया। किसानों से निर्धारित मूल्य से अधिक मूल्य वसूले जाने के संबंध में जांच की गई। एसडीओ शिव शंकर चौधरी ने बताया कि बालपुर में शुक्ला खाद भंडार, करनैलगंज में न्यू किसान खाद बीज भंडार, संतोष पांडे खाद भंडार, जयसवाल खाद भंडार, दीपक खाद भंडार, प्रकाश खाद भंडार सहित अन्य दुकानों पर छापेमारी की गई। जहां पर्याप्त मात्रा में उर्वरक की उपलब्धता पाई गई। व्यापारियों को निर्देशित किया गया कि निर्धारित मूल्य से अधिक नहीं होनी चाहिए और पीओएस मशीन के साथ उर्वरक की विक्री हो अन्यथा की स्थिति में उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध है। कहीं भी उर्वरक की कमी नही है। यदि किसी व्यापारी द्वारा भ्रम फैलाया जाता है या ओवररेटिंग की जाती है तो उसके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## विधायक खब्बू के साथ गलत हुआःराजन पाण्डेय

अयोध्या। गोसाईंगंज के विधायक खब्बू तिवारी के साथ न्याय नहीं हुआ। उनके साथ गलत हुआ है। जिसका दुख मुझे भी है। यह कहना है समाजसेवी राजन पांडे का। कुमारगंज में बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। बैठक में राजन पांडेय ने कहा कि अपना दल के विधायक खब्बू तिवारी को षड्यंत्र के तहत अपदस्थ किया गया है। मैं इस बात को समझ सकता हूं क्योंकि जब मेरे ऊपर हमला हुआ था 11 गोलियां लगी थी उसमें भी पूरा न्याय नही हुआ। राजन पांडेय ने आगे कहा कि उत्तर प्रदेश के इतिहास में इतनी जल्दी किसी विधायक की विधानसभा सदस्यता नहीं रद्द की गई जहां अनेक मामलों में दो–दो साल तक सदस्यता बरकरार रहती है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से अपील की है कि आप परिवार के मुखिया हो परिवार में सभी को बराबर का दर्जा दिया जाना चाहिए। चेतावनी दी कि इंद्रप्रताप तिवारी उर्फ खब्बू तिवारी के साथ न्याय नहीं होता है तो फैजाबाद सहित आसपास के कई जिलों में भारतीय जनता पार्टी को इतना बड़ा नुकसान होगा जिसकी उसे कल्पना नहीं होगी। अयोध्या जनपद में घूम कर तथा विभिन्न जगहों पर बैठक करके यह आकलन कर लिया है की खब्बू तिवारी के साथ हो रहे दोहरे व्यवहार के कारण भाजपा का एक बड़ा वोट बैंक भाजपा से दूर होगा। कहा कि खब्बू तिवारी के मामले में भी भाजपा सरकार को बढ़–चढ़कर उनके हक की लड़ाई लड़ना चाहिए। कहा यदि बड़े भाई खब्बू तिवारी के साथ न्याय नहीं हुआ तो अयोध्या जिले में एक बड़ा आंदोलन चलाया जाएगा इस बैठक में जनपद के लगभग सैकड़ों सम्मानित लोग मौजूद रहे।

## ज्वाइंट बीडीओ ने विकास खंड कार्यालय पहुंचकर कार्य भार ग्रहण किया

करनैलगंज,गोंडा। ज्वाइंट बीडीओ श्री कांत तिवारी ने .विकास खंड कार्यालय पहुंचकर कार्य भार ग्रहण किया। साथ ही सभी सचिवों व ब्लाक कर्मियों के साथ समीक्षा बैठक कर विकास कार्यो का जायजा लिया। उन्होंने कोविड वैक्सीनेशन व गौशाला की व्यवस्था को सरकार की शीर्ष प्राथमिकता वाला कार्य बताया। इन कार्यो में सभी को सहयोग करने व विकास कार्य को गति देने का निर्देश दिया।

# युवा वर्ग के शत–प्रतिशत टीकाकरण के लिए डीएम ने वर्चुअल माध्यम से प्रधानाचार्यों से किया संवाद

बहराइच। जनपद में 15 से 18 वर्ष आयु वर्ग के शत–प्रतिशत लक्षित युवा वर्ग के 02 लाख 44 हजार 615 किशोर व किशोरियों के टीकाकरण हेतु जनपद कालेजों में संचालित होने वाले शिविरों के सफल संचालन के लिए जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र ने शंकर इण्टर कालेज नानपारा, राजकीय बालिका इण्टर कालेज कैसरगंज, राम प्यारे शिव शंकर इण्टर कालेज शिवपुर, सर्वोदय इण्टर कालेज मिहींपुरवा, महाराज सिंह इण्टर कालेज बहराइच, जवाहर नवोदय विद्यालय कीर्तनपुर, कौशलेन्द्र विक्रम सिंह इण्टर कालेज पयागपुर, गॉधी इण्टर कालेज बहराइच सहित अन्य प्रधानाचार्यों से वर्चुअली संवाद करते हुए निर्देशित किया कि निर्धारित अवधि से पूर्व शत–प्रतिशत छात्र–छात्राओं का टीकाकरण कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि टीकाकरण कार्य में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रधानाचार्यों का गणतन्त्र दिवस के अवसर पर सम्मानित किया जायेगा।

अब तक हुए टीकाकरण कार्य की समीक्षा में पाया गया कि सर्वोदय इण्टर कालेज मिहींपुरवा, शंकर इण्टर कालेज नानपारा व महाराज सिंह इण्टर कालेज बहराइच क्रमश प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर हैं। डीआईओएस को निर्देश दिया गया कि तीनों प्रधानाचार्यों को डीएम की ओर से प्रशस्ति–पत्र प्रदान किया जाय। इसके अलावा डीएम ने सभी प्रधानाचार्यों से जनपद में मतदान प्रतिशत बढ़ाये जाने के लिए व्यापक स्तर पर जन–जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कराये जाने का भी निर्देश दिया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. एस.के. सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. चन्द्रपाल मौजूद रहे।

## दृष्टि बाधित 60 परिषदीय छात्र-छात्राओं को मिली टाकिंग डिवाइस (टैबलेट) की सौगात

बहराइच। समग्र शिक्षा अभियान अन्तर्गत जनपद के परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत दृष्टि बाधित 60 छात्र–छात्राओं को टैबलेट (टाकिंग डिवाइस) का वितरण किया गया। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में विधायक महसी सुरेश्वर सिंह ने जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र व मुख्य विकास अधिकारी कविता मीना के साथ टैबलेट का वितरण किया। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर प्रशिक्षु पी.सी.एस. अमन देओल, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. एस.के. सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. चन्द्रपाल, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अजय कुमार, अधि.अधि.न.पा.परि. बहराइच दुर्गेश्वर त्रिपाठी, सहित खण्ड शिक्षा अधिकारी नगर उपेन्द्र त्रिपाठी, प्रमुख तजवापुर के प्रतिनिधि दिवाकर पाण्डेय सहित अन्य अधिकारी, लाभार्थी छात्र–छात्राएं व उनके अभिभावक मौजूद रहे। इस अवसर पर विधायक महसी श्री सिंह ने दृष्टिबाधित बच्चों को टैबलेट (टाकिंग डिवाइस) उपलब्ध कराने के लिए देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन के लिए धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि डिवाइस प्राप्त होने से दृष्टिबाधित बच्चे भी सामान्य बच्चों की तरह शिक्षा ग्रहण कर सकेंगे। श्री सिंह ने कहा कि दृष्टिबाधित बच्चों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। उन्होंने बच्चों के अभिभावकों से अपील की कि इन्हें दूसरे सामान्य बच्चों की तरह ही अवसर प्रदान करें ताकि यह बच्चे भी परिवार, गॉव, देश व प्रदेश का नाम रौशन कर सकें।

## भाकियू नेता फूलचंद के मामले में एफआईआर दर्ज

अयोध्या। भारतीय किसान यूनियन के मंडल सचिव फूलचंद यादव को जान से मार डालने की नियत से अपहरण करके बुरी तरह से मारपीट कर मृतक समझकर जंगल झाड़ी में फेंकने के मामले मुकदमा अपराध संख्या 09ध् 22 धारा 307, 364 भादवि थाना कोतवाली रुदौली जनपद अयोध्या में दर्ज हुआ। पुलिस ने अभियुक्त अभय सिंह को गिरफ्तार कर लिया है जबकि मुख्य अभियुक्त राज सिंह व उसके सहयोगी फरार है। वहीं भारतीय किसान यूनियन पदाधिकारियों की पंचायत धरना स्थलध तिकोनिया पार्क पर संपन्न हुई जिसमें फूलचंद यादव को बुरी तरह से मारने पीटने की घटना की निंदा की गई और अभिलंब अभियुक्तों को गिरफ्तार करते हुए घटना का खुलासा करने की मांग की गई और शंका व्यक्त की गई कि ट्रामा सेंटर में भी फूलचंद को खतरा व्याप्त है इस कारण से फूलचंद के बेड पर कम से कम एक सब इंस्पेक्टर व एक कांस्टेबल तैनात किया जाए। भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय सचिव घनश्याम वर्मा ने कहा कि अपराधियों द्वारा फूलचंद यादव को बहुत बुरी तरह से मारा पीटा गया है शरीर के कई अंग टूट गये है, हेड इंजरी व आंख भी क्षतिग्रस्त हुई है।और मृतक समझ कर शरीर को छिपाया गया था फूलचंद यादव अभी भी ट्रामा सेंटर में बेहोश हैं। घटना गंभीर है जिसका अभिलंब खुलासा होना व अभियुक्तों का गिरफ्तार होना अति आवश्यक है। मंडल महासचिव श्रीराम वर्मा, सूर्यनाथ वर्मा ,सुमन पांडे ,फरीद अहमद शंकर पाल पांडे, भागीरथी वर्मा राम गनेश मौर्य, अजय यादव, राम अवधकिसान देवी प्रसाद वर्मा सहित सभी नेताओं ने एक स्वर से घोषणा की है कि यदि अभियुक्तों को अविलंब गिरफ्तार नहीं किया जाता तो भारतीय किसान यूनियन आंदोलन के लिए बाध्य होगी।

# विकास के मुद्दे पर लड़ूंगा विधानसभा चुनावः राकेश चन्द्र

## भाजपा के संभावित प्रत्याशी ने भाजपा जिलाध्यक्ष को सौंपा बायोडाटा

बहराइच ।विधानसभा चुनाव के मद्देनजर सदर विधानसभा से भाजपा की दावेदारी के लिए प्रत्याशी दिन रात एक किए हुए है ।सिटिंग एमएलए के टिकट कटने की संभावना को देखते हुए डेढ़ दर्जन से अधिक प्रत्याशियों ने दावेदारी ठोकी है ।इसी क्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता ,पत्रकार, समाजसेवी तथा नमामि गंगे प्रकल्प के जिला संयोजक राकेश चन्द्र श्रीवास्तव ने आज चन्द्रिकापुरी स्थित भाजपा कार्यालय पर जिलाध्यक्ष श्याम करण टेकड़ीवाल को सदर विधानसभा के लिए अपना बायोडाटा सौंपा ।पत्रकारों से बातचीत के दौरान संभावित भाजपा प्रत्याशी राकेश चन्द्र ने कहा कि वह चुनाव विकास के मुद्दे पर लड़ेंगे ।पीएम मोदी व सीएम योगी के विजन को गांव–गांव तक पहुंचाने में अपना कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि बहराइच की जनता ने अगर आशीर्वाद दिया तो बहराइच को मॉडल बहराइच बनाने का काम करूंगा ।उन्होंने बहराइच की जनता से कोविड टीकाकरण में भागेदारी तथा मास्क ,सेनिटाइजर व दो गज दूरी की भी अपील की ।उल्लेखनीय रहे कि संभावित प्रत्याशी की हर वर्ग में पकड़ है ।जितने भी प्रत्याशियों ने अभी तक दावेदारी की है उसमें राकेश चन्द्र जनता के काफी करीबी माने जाते है। उम्मीद जताई जाती है कि अगर भाजपा संगठन ने इन्हें मौका दिया तो फिर से सदर में कमल खिल सकता है।

## डीएम व सीडीओ ने ग्राम प्रधानों से किया वर्चुअल संवाद

बहराइच। जिलाधिकारी डा. दिनेश चन्द्र व मुख्य विकास अधिकारी कविता मीना ने विकास खण्ड मिहींपुरवा अन्तर्गत ग्राम पंचायत बोझिया, लौकाही, मधवापुर, सेमरी घटही व उर्रा इत्यादि ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधानों व पंचायत सहायकों के साथ वर्चुअली संवाद करते हुए कोविड टीकाकरण, ग्राम सचिवालय व सामुदायिक शौचालय का नियमित संचालन सुनिश्चित कराये जाने के निर्देश दिये। ग्राम प्रधानों को यह भी निर्देश दिया कि कोविड टीकाकरण विशेषकर ऐसे लोगों जिन्होंने टीकाकरण की प्रथम डोज लिया है परन्तु अभी तक द्वितीय डोज का टीकाकरण नहीं कराया है। अपने ग्रामों में व्यापक प्रचार–प्रसार कर और ऐसे लोगों को चिन्हित करते हुए प्रेरित कर शत प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित कराये। डीएम व सीडीओ द्वारा प्रधानों को यह भी निर्देश दिया गया कि पंचायत भवनों को ग्राम सचिवालय के रूप में स्थापित करते हुए सुचारू रूप से संचालन सुनिश्चित कराये। साथ ही ग्राम पंचायत की सामुदायिक शौचालय को भी समय से खुलवाकर उसका नियमित रूप से संचालन सुनिश्चित कराया जाय।

# कांग्रेस पार्टी ने सहारा कम्पनी मे घपले को लेकर दिया ज्ञापन

बहराइच। डॉ ए०एम० सिद्दीकी प्रभारी विधानसभा क्षेत्र कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में सहारा पल्स कंपनी के घपलों के संबंध में कांग्रेस जिला सचिव भोला कुरैशी द्वारा कार्यक्रम का आयोजन कर कांग्रेस पार्टी की ओर से सहारा बैंक में जमा निवेशकों के भुगतान को लेकर राज्यपाल को संबोधित एक 8 सूत्रीय ज्ञापन उपजिलाधिकारी नानपारा को सौंपा गया ।डॉ ए०एम० सिद्दीकी ने कहा की सुप्रीम कोर्ट ने 2016 में कमेटी व सभी को 6 माह के अंदर निवेशकों के पैसे भुगतान करने का आदेश दिया था। किंतु 6 वर्ष हो जाने के बाद भी आज तक लगभग 2 प्रतिशत लोगो का ही अधूरा भुगतान किया गया है। सहारा में निवेशकों ने अपनी मेहनत के पैसे को जमा किया था। किंतु जब भुगतान का समय आया तो सीवी का बहाना बना रही है। भुगतान न होने से कई समस्याएं उत्पन्न हो रही है पिछली सरकारो ने ऐसे लोगो की कोई सुध नही ली जिनके पैसे सहारा में फंसे है। जो जरूरत के समय नही मिल पाए और मिलने की संभावनाएं भी नही दिख रही है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर कमेटी नानपारा के अध्यक्ष शफीक कुरैशी ने सरकार से मांग की कि गरीबों का पैसा जो लोगों ने अपना पेट काटकर जमा किया था कि बुरे वक्त में काम आए वह पैसा वापस दिलाया जाए साथ ही सहारा बैंक का वेतन भी दिलाया जाए। कुरैशी ने मांग की कि प्रदेश सरकार तत्काल आम जनता के पैसे को वापस करवाएं। इस मौके पर बाबू रायनी, भोला कुरेशी, खैरुलनिशा, इकबाल अहमद, मोहम्मद तारिक, मोहम्मद अरशद एडवोकेट, शिव कुमार रस्तोगी, एजाज हुसैन, कृष्ण गोपाल कसेरा, जिमीदार अंसारी, सआदत अली, अखलाक अहमद सहित तमाम कांग्रेसीजन उपस्थित रहे।

# रेलवे ओवरब्रिज निर्माण के लिए सांसद ने किया भूमि पूजन

अयोध्या। सांसद लल्लू सिंह ने 6 रेलवे ओवरब्रिज के निर्माण हेतु अयोध्या कैंट रेलवे स्टेशन के पास आयोजित कार्यक्रम में भूमि पूजन किया। जिसमें 121 मोदहा 4 लेन, 107 दर्शननगर 4 लेन, 111 टेढ़ी बाजार 4 लेन, 112 बड़ी बुआ 2 लेन व 108 हलकरा का पुरवा पंचकोसी परिक्रमा मार्ग 2 लेन, 105 सूर्यकुंड 2 लेन शामिल है। इसकी लागत 551 करोड़, 75 लाख 06 हजार रुपये आयेगी। सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार की प्राथमिकताओं में अयोध्या का विकास है।

इसको लेकर योजनाओं की श्रंखलाएं प्रदान की गयी है। रेलवे ओवरब्रिज शहर की यातायात व्यवस्था को नियंत्रित करेगा। इससे यहां लगने वाले जाम से लोगो को निजात मिल जायेगी। अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं को उच्च कोटि की सुविधाएं प्रदान करने के लिए सरकार कटिबद्ध है।

जिसके लिए अयोध्या को जोड़ने वाले सभी प्रमुख मार्गो का चौड़ीकरण किया जा रहा है। अंतराष्ट्रीय मानकों के अनुसार सुविधाओं से युक्त रेलवे स्टेशन व एयरपोर्ट की सौगत अयोध्या को जल्द मिलेगी। विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि रामनगरी अयोध्या का उसकी महिमा व गरिमा के अनुसार विकास हो रहा है। रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण रामनगरी के विकास में एक महत्वपूर्ण कड़ी साबित होगी। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश सिंह, मनोज श्रीवास्तव, बिजेन्द्र सिंह, अशोका द्विवेदी, इन्द्रभान सिंह, संतोष सिंह, मनमोहन जायसवाल, मुरारी यादव, रीना द्विवेदी, विजेता जायसवाल, दिवाकर सिंह, अंशुमान मित्रा, हरभजन गौड़ उपस्थित रहे।

## धनराशि मरगने वालों की दर्ज कराएं शिकायतः पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी

बहराइच। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण बहराइच राजन कुमार ने बताया कि उनके संज्ञान में आया है कि विभाग द्वारा संचालित पिछड़ी जाति शादी अनुदान योजना के लाभार्थियों के पास मो. न. 7240910948 द्वारा फोन कर बताया जाता है कि ''मैं लखनऊ से बोल रहा हूँ आप ऑनलाइन 9536105167 पर रू. 3000 पे–टीएम करें, आपका पैसा आ जायेगा''। श्री कुमार ने जनपद के सभी लाभार्थियों को सचेत किया है कि किसी भी फोन से यदि शादी अनुदान योजना अथवा अन्य विभागीय योजना का लाभ दिलाये जाने के नाम पर किसी प्रकार की धनराशि की मॉग की जाती है तो तत्काल विकास भवन स्थित जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, बहराइच के कार्यालय में शिकायत दर्ज कराएं तथा लाभ दिलाये जाने के नाम पर किसी को कोई धनराशि ने दें।

# शुभ मंगलम बैंक्विट हॉल का विधायक श्याम धनी राही ने किया उद्घाटन,शहर को मिला तीसरा विवाह घर

## मैरिज हॉल का न्यूनतम शुल्क 2100 रहेगा—नगर पालिका अध्यक्ष श्याम बिहारी जयसवाल






दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। नगर पालिका सिद्धार्थनगर के पश्चिम गोला वार्ड में शुभ मंगलम बैंक्विट हॉल का औपचारिक उद्घाटन सदर विधायक श्याम धनी राही और नगर पालिका अध्यक्ष श्याम बिहारी जयसवाल के कर कमलों से हुआ। सदर विधायक श्याम धनी राही ने बताया की नौगढ़ कस्बे में धीरे—धीरे करके विकास की सारी चीजें खत्म हो चुकी थी .विकास के पथ में बहुत पीछे रह गया था नौगढ़। मगर श्याम बिहारी जयसवाल ने अथक प्रयास करके नौगढ़ के पोखरे, भगत सिंह पार्क के बाद शहर को जो तीसरा विवाह घर शुभ मंगलम बैंक्विट हॉल दिया है यह निश्चय ही हम सभी को गौरवान्वित करता है।नगर पालिका ने इसके पूर्व सरोजिनी नगर मलिन बस्ती वार्ड में वीरांगना अवंती बाई लोधी विवाह घर ,शास्त्री नगर मलिन बस्ती वार्ड में महाराज सुहेल देव राम जानकी विवाह घर के बाद पुराने नौगढ़ कस्बे में शुभ मंगलम बैंक्विट हॉल की स्थापना कर शहर में अंत्योदय को साकार किया है।अब कभी किसी गरीब को विवाह के लिए इधर—उधर भटकना नहीं पड़ेगा बहुत ही न्यूनतम दर पर शहर की सुविधाएं लोगों को मिल सकेंगे।श्याम बिहारी जयसवाल जी ने बताया की इस मैरिज हॉल का न्यूनतम शुल्क 2100 रहेगा। उन्होंने कहा कि जनता ने हमें 1995 और 2012 दो बार प्रयास कर चुनाव जिताने का प्रयास किया परंतु किन्ही कारणों से हम थोड़ी सी वोटों से हार गए। आज 26 साल बाद हम सभी वोटों का शूद समेत विकास कार्य करते हुए जवाब दे रहे हैं ,एक अमूल्य धरोहर दे रहे हैं। पूर्व मंडल अध्यक्ष श्यामसुंदर मित्तल ने कहा कि श्याम बिहारी और श्याम धनी राही का व्यक्तिगत व्यवहार बहुत ही सरल है वह लोगों के दिलों जान में है और उनकी यह सरलता और विकास कार्य अमूल्य धरोहर हम सभी को मिली है। व्यवसाय मुन्ना लाल बजाज ने कहा कि नौगढ़ कस्बे में अब कोई कमी नहीं रही संकटमोचन धर्मशाला, भगत सिंह पार्क ,पोखरा और मैरिज हॉल सभी ने श्याम बिहारी के विकास की गाथा को स्वर्णिम अक्षरों में लिख दिया है। इस कार्यक्रम में सभासद प्रतिनिधियों में सरवन श्रीवास्तव, सोनू राजभर, अमित सिंह ,शिव कुमार ,संतोष चौधरी, नसीम ,विजय कुमार के साथ—साथ नागरिक गणों में राणा प्रताप सिंह पंकज सिद्धार्थ ,विक्रांत त्रिपाठी आदि गणमान्य उपस्थित रहे कार्यक्रम का सफल संचालन बुद्ध विद्यापीठ के राजनीति शास्त्र के प्रवक्ता डॉ शक्ति जायसवाल ने किया।

# 300 नशीली गोली के साथ युवक धराया

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर।मोहाना थाना क्षेत्र की शुद्दोधन चौकी प्रभारी धर्मेन्द्र कुमार हमराहियों के साथ कस्बे की रात्रि गश्त में थे। इसी दौरान एक युवक को को संदिग्ध देख तलाशी ली गयी।जिसके पास से 300 नशीली गोलीयां बरामद हुई, जिसे गिरफ्तार कर लिया गया।चौकी प्रभारी ने बताया गिरफ्तार अभियुक्त शातिर है।नशे से युवाओं को अपने गिरफ्त में लेता है। फिर उन्ही के बीच कारोबार करता है,युवक दीपक कुमार उर्फ दीपू पुत्र दशरथ लाल निवासी बर्डपुर9 टोला बनियाभारी थाना कपिलवस्तु का है,जिसे बकरा मंडी बर्डपुर से पकड़ा गया ।गिरफ्तारी टीम में दिवान राज मंगल यादव,अभय नंदन,चंद्र मोहन मौर्या शामिल रहे।वही बर्डपुर कस्बे में शुक्रवार रात्रि में एक व्यक्ति को नाजायज चाकू के साथ गिरफ्तार किया गया है,जिसकी पहचान सबी गौतम पुत्र सत्यनारायण बर्डपुर 9 बनियाभरी थाना कपिलवस्तु के रूप में हुई है। जिसे सिपाही राजेश यादव,लालबहादुर के द्वारा गिरफ्तार किया गया है।

# स्नातक विज्ञान वर्ग में मिला गोल्ड मेडल



दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। शोहरतगढ़ विकास खंड के नरौडा निवासिनी अनुकृति उपाध्याय को एमएलके पीजी कालेज बलरामपुर में स्नातक विज्ञान वर्ग में टाप करने पर शुक्रवार को गोल्ड मेडल मिला हैं। वह जनपद के बेसिक शिक्षा विभाग में जिला व्यायाम शिक्षक पद पर कार्यरत उपेंद्र उपाध्याय की पुत्री हैं। उन्होने अपनी उपलब्धि का श्रेय अपने गुरुजनों के अलावा माता—पिता को दिया हैं। उनकी उपलब्धि पर बीएसए देवेंद्र कुमार पांडेय सहित शिक्षक संगठनों के राधेरमण त्रिपाठी, योगेंद्र पांडेय, अभय श्रीवास्तव, रूपेश सिंह,सुधाकर मिश्र, इंद्रसेन सिंह, रामशंकर पांडेय, हरिशंकर सिंह, अरुण सिंह, सुभाष जायसवाल, माहेश्वरी पाठक, कैलाश त्रिपाठी, कृपाशंकर, करुणेश मौर्या आदि ने बधाई दिया हैं।

# थाना कोतवाली लोटन पर समाधान दिवस का किया गया आयोजन

दैनिक बुद्ध का संदेश

लोटन/सिद्धार्थनगर।डॉ0 यशवीर सिंह पुलिस अधीक्षक



सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में, सुरेश चन्द्र रावत अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन में, व प्रदीप कुमार यादव क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल निर्देशन आज दिनांक 08.01.2022 को प्रभारी निरीक्षक लोटन अनिल कुमार पाण्डेय के नेतृत्व मे शिवमुरत सिंह कुशवाहा चकबन्दी अधिकारी की अध्यक्षता मे राजस्व विभाग ब्लाक लोटन से सम्बन्धित अन्य उपस्थित लेखपाल तथा थाना स्थानीय के बीट पुलिस अधिकारीगण के मौजूदगी मे थाना स्थानीय पर थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया । जिसमें राजस्व विभाग से संबंधित 03 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ जिन्हें राजस्व विभाग के अधिकारियों को निस्तारण करने हेतु आदेशित किया गया ।

# चुनाव के लिये जिले में पहुच रही हैं, अर्धसैनिक बलों कंपनियां:एएसपी रावत

## भौतिक व्यवस्था पर चर्चा करते एएसपी सुरेश चंद्र रावत,सीओ सदर प्रदीप यादव,व थाना प्रभारी तहसीलदार सिंह





दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर।एएसपी सुरेश चंद्र रावत ने जानकारी देते हुए बताया कि,आगामी विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2022 को सकुशल संपन्न कराए जाने हेतु चुनाव से पूर्व क्षेत्र में एरिया डोमिनेशन हेतु अर्ध सैनिक बल( सशस्त्र सीमा बल ) की दो कंपनियां जनपद में 10 जनवरी को आगमन कर रही हैं स इनके द्वारा प्रतिदिन जनपद के विभिन्न थानों में स्थानीय पुलिस के साथ संवेदनशील स्थानों व क्षेत्रों ,अधिक अपराधी निवास करने वाले क्षेत्रों तथा वल्नरेबल गांव के आसपास फ्लैग मार्च व भीड़ भाड़ वाले स्थलों पर पैदल मार्च करेंगी स हिस्ट्रीशीटर व अन्य कुख्यात अपराधियों की वर्तमान स्थिति का सत्यापन भी किया जाएगा स बल के जवानों को ठहरने के आवास स्थान के लिए नौगढ़ व इटवा में विद्यालयों का चयन कर लिया गया है स अगले एक माह तक यह अर्ध सैनिक बल संपूर्ण जनपद का एरिया डोमिनेशन करेंगे स नौगढ़ स्थित खेर पब्लिक स्कूल पर आवश्यक व्यवस्थाओं का भौतिक सत्यापन किया गया।जिस दौरान क्षेत्राधिकारी सदर प्रदीप यादव, थाना प्रभारी इंस्पेक्टर तहसीलदार सिंह शामिल रहें।

# ग्रामीणों ने हिरण को पकड़ कर वन विभाग को सौंपा,

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। भनवापुर विकास खण्ड क्षेत्र के महतिनिया खुर्द गांव में शुक्रवार को दोपहर करीब 2 बजे ग्रामीणों ने कहीं से भटक कर पहुंचे हिरण को पकड़ कर वन विभाग को सौंप दिया। हिरन जंगल से भटक कर महतिनिया खुर्द गांव के उत्तर तरफ सड़क के बगल बने एक मुर्गी फार्म में आकर छिपा था कि ग्रामीणों में शिवनाथ शुक्ला, बब्बू चौबे, रघ्घू पाण्डेय, प्रकाश आदि ने हिरण को फार्म से पकड़ कर गांव के प्रधान लालजी शुक्ला को सूचना दी। पकड़े गए हिरण को देखने के लिए ग्रामीणों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। ग्राम प्रधान लाल जी शुक्ला ने इसकी सूचना वन विभाग के साथ ही पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने हिरण को कब्जे में लेकर वन विभाग को सौंप दिया। हिरण पूरी तरह स्वस्थ अवस्था में है। उसका वजन लगभग 40—45 किलो ग्राम तौला है। इससे पूर्व भी कई बार जंगल से भटके हिरण कई गांव पहुंच चुके हैं।



# खेल से होता है शारीरिक विकासः धीरज

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थ नगर।शनिवार को उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टड़िया बाजार के प्रांगण में नेहरू युवा केंद्र जोगिया ब्लॉक जनपद सिद्धार्थनगर के तत्वधान में मुख्य अतिथि भाजपा जिला मंत्री धीरज जायसवाल विशिष्ट अतिथि रमन वर्मा मंडल मंत्री जोगिया, विजेंद्र नाथ मिश्रा मनोज कुमार, एवं ग्राम प्रधान पुरैना सर्वजीत पासवान ग्राम प्रधान हरनी बुजुर्ग श्यामदेव बारी ग्राम प्रधान मरवटिया गोविंद पासवान व सूरज कुमार पाण्डेय व सतीश चंद व घनश्याम आदि लोग कार्यक्रम को सफल बनाया जिसमें नेहरू युवा केंद्र सिद्धार्थनगर राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक जोगिया ब्लॉक धीरज कुमार पाण्डेय व राजबली व रामायन यादव आदि लोग कार्यक्रम को सफल बनाते हुए विजेता टीम को खो खो कबड्डी दौड़ वॉलीबॉल आदि प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि के द्वारा सील्ड से विजेताओं को सम्मानित किया गया जिसमें खो खो की टीम पुरैना की कविता सम्मानित कबड्डी टीम का राजकुमार को बालीवाल हरनी की टीम का सम्मानित दौड़े टीम अंकित कुमार पाण्डेय मरवटिया सम्मानित किया गया



# आचार संहिता लगते ही उतरने लगे होर्डिंग’

अनंत मिश्रा ध दैनिक बुद्ध का संदेश

उसका बाजार ।आचार संहिता लगते ही प्रशासन एक्सन में है जैसे ही आचार संहिता का घोषणा होता ही वैसे ही प्रशासन पोल






पर लगे होर्डिंग को उतारना शुरू कर दिया हर विभाग के कर्मचारी बैनर उतारने में लगे हुए है चौराहे पर लगे बैनर सभी उतारे जा रहे है नगर पंचायत उसका बाजार के अधिशाषी अधिकारी जितेंद्र कुमार यादव ने बताया की नगर पंचायत के सभी कर्मचारी होर्डिंग उतारने में लगे हुए है और सफाई कर्मी भी लगे हुए है जिससे जल्द से जल्द सभी लगे हुए बैनर पोस्टर उतारा जा सके ।थाना प्रभारी सतीश कुमार सिंह ने बताया कि जैसे ही आचार संहिता लगते ही पुलिस पूरी तरह अलर्ट हो गई है और पुलिस भी लगी हुई है होर्डिंग उतारने में और पहले से ही लोगो से अपील किया जा चुका है की शांति व्यवस्था बनाए रखे।

# इटवा पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

दैनिक बुद्ध का संदेश

इटवाधसि/दार्थनगर। इटवा तहसील के अन्तर्गत इटवा नगर





पंचायत मे उपजिलाअधिकारी इटवा अभिषेक पाण्डेय की अध्यक्षता में आगामी विधानसभा चुनाव के दृष्टिगत देखते हुए व शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु फैन्क्षे फ्लैग मार्च किया गया। इटवा क्षेत्राधिकारी रमेश चंद्र पांडे व इटवा प्रभारी पंकज पाण्डेय के कुशल पर्यवेक्षण में इटवा नगर पंचायत मे आगामी विधानसभा चुनाव के दृष्टिगत फ्लैग मार्च किया गया। इस अवसर पर इटवा उपजिलाअधिकारी, क्षेत्राधिकारी इटवा रमेश चंद्र पांडे, इटवा थाना प्रभारी सहित अन्य पुलिसकर्मी रहे मौजूद।

# लोकगीत समाज की अमूल्य कड़ीः रा0यु0स्व0अजय गुप्त



दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। सूचना और प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा सरस्वती कला कुंज लोकगीत पार्टी प्रयागराज उत्तर प्रदेश सांस्कृतिक दल जनपद सिद्धार्थनर्ग में प्रस्तावित कार्यक्रम तीन दिवसीय भारत सरकार की योजनाओं का प्रचार प्रसार सांस्कृतिक गतिविधिओं द्वारा जन जागरूकता हेतु नेहरू युवा केंद्र के संयुक्त् तत्वावधान में विकास खंड शोहरतगढ़ अंतर्गत चिल्हियाँ में आयोजित किया गया,लोकगीत दल के नेता दिपेश कुमार और अन्य सहयोगी कलाकारों का सर्वप्रथम बैच लगाकर स्वागत किया गया उसके उपरांत लोककवि और अन्य कलाकारों द्वारा तमाम सामाजिक कुरीतियां जैसे जननी सुरक्षा,बेटी बचाओ,बेटी पढ़ाओ,भ्रूण हत्या,टीकाकरण,शिक्षा,नशा,आदि जैसे मुद्दे पर लोकगीत के माध्यम से युवा मंडल के सदस्य ग्राम वासियों को जगाने का एक सार्थक प्रयास किया गया,कार्यक्रम मे युवा मंडल के सदस्य एवं अन्य ग्रामवासी,पूर्व राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक अम्ब्रीश मणि त्रिपाठी, वर्तमान युवा स्वयंसेवक अजय गुप्ता,एवम् सनूप कुमार उपस्थित रहे ।

# सम्पादकीय

**हालांकि, भारतीय सैनिकों के गलवान घाटी में तिरंगा लहराने का चित्र सरकार द्वारा जारी करने के बाद चीनी मीडिया बचाव की मुद्रा में नजर आ रहा है। दलील दे रहा है कि सीमा पर गोलियों के बजाय मिठाई का आदान–प्रदान अच्छा है। यह भी कि भारतीय विपक्ष अपने राजनीतिक हितों के लिये सामरिक नीतियों को ...**

## चीन के इरादे

गलवान घाटी में संघर्ष के बाद चले लंबे गतिरोध के बीच खबर आई कि भारतीय व चीनी सैनिकों ने दस चौकियों पर नये साल के मौके पर मिठाइयां बांटी। उम्मीद जगी थी कि दोनों देशों के रिश्तों पर जमी बर्फ अब पिघलने को है। लेकिन तभी चीन सरकार के मुखपत्र ग्लोबल टाइम्स द्वारा एक चित्र सोशल मीडिया पर जारी किया गया, जिसमें चीनी राष्ट्रीय ध्वज लहराते सैनिकों को गलवान घाटी में बताया गया। साथ ही चीनी सैनिकों का वीडियो भी मंदारिन भाषा में जारी किया गया, जिसमें कहा गया कि हम एक इंच जगह भी नहीं छोड़ेंगे। इस फोटो के साझा होने के बाद विपक्ष मोदी सरकार पर हमलावर हुआ और राहुल गांधी ने ट्विट करके प्रधानमंत्री से तीखे सवाल पूछे। इससे पहले भारत प्रशासित अरुणाचल के क्षेत्रों व नदियों के नाम बदलने की चीनी कोशिश को भारत ने कपोल–कल्पना बताकर खारिज किया था। ऐसे में चीन की अविश्वसनीय चालों के प्रति सतर्क रहने की जरूरत है। एक ओर वास्तविक नियंत्रण रेखा पर स्थित चौकियों पर मिठाइयों का आदान–प्रदान और फिर भारत के इलाकों पर कुदृष्टि। तथ्य सार्वजनिक है कि पीएलए वास्तविक नियंत्रण रेखा पर लगातार स्थायी बुनियादी ढांचे का निर्माण कर रही है। चीन को अपने इलाके में निर्माण का हक है लेकिन वह किसके लिये कर रहा है? इस सीमा पर कोई दूसरा देश भी नहीं है, जिससे चीन के दीर्घकालिक घातक मंसूबों का पता चलता है। अभी उपग्रह से मिलने वाली कुछ तस्वीरों के आधार पर मीडिया में खबर आई कि चीन पैंगोंग त्सो झील पर एक पुल का निर्माण कर रहा है जो तिब्बत–शिनजियांग राजमार्ग की दूरी 180 किलोमीटर घटा देगा, जिससे चीन की सेना को उत्तर और दक्षिण किनारे के बीच तेजी से सैनिकों की तैनाती में मदद मिलेगी। इसी उकसावे की कार्रवाई में चीन ने सेला पास, अरुणाचल के आठ गांवों और कस्बों, चार पहाड़ों और दो नदियों का नाम बदलकर उन्हें दक्षिण तिब्बत नाम दे दिया। दरअसल, चीन भारत सरकार की ओर से वास्तविक नियंत्रण रेखा से लगते क्षेत्र पर किये जा रहे सामरिक निर्माण से बौखलाया हुआ है। भारत के सीमा सड़क संगठन द्वारा निर्मित की जा रही सेला सुरंग के इस साल जून तक तैयार हो जाने की उम्मीद है। दरअसल, इस सुरंग के जरिये अरुणाचल के तवांग में भारतीय सैनिकों की तेजी से आवाजाही में मदद मिलने वाली है। दरअसल, तवांग चीन सीमा से लगा रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण जिला है। यह वही तवांग सेक्टर था जहां पिछले साल अक्तूबर में भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच टकराव हुआ था। उसके बाद कोर कमांडर स्तर की सैन्य वार्ता का 13वां दौर गतिरोध में समाप्त हुआ था। यही वजह है कि भारत सरकार सीमावर्ती क्षेत्रों में दीर्घकालिक शांति सुनिश्चित करने के लिये गंभीर बातचीत न करने के लिये बीजिंग को जिम्मेदार ठहराती रही है। निस्संदेह, इस स्थिति में भारत को बेहद चौकस रहते हुए एलएसी के साथ बुनियादी ढांचे के विस्तार को प्राथमिकता देनी चाहिए। दरअसल, इस इलाके में प्रतिरक्षा तैयारियों में तेजी लाने तथा रूस से अत्याधुनिक वायुरक्षा मिसाइल प्रणाली हासिल करने की कवायद चीन को परेशान कर रही है। हालांकि इसके बावजूद चीन की उकसावे की कोशिशों के बीच संयम बरतना भारत के लिए एक चुनौती होगी। फिर भी चीन के हर दुस्साहस का कड़ा जवाब दिया जाना होगा। विगत के अनुभवों को देखते हुए क्षेत्र में शक्ति संतुलन के लिये भारत की रक्षा तैयारियों से किसी भी तरह का समझौता नहीं किया जा सकता।

# कविता

## चमचे

वक्त के साथ चल रहे चमचे
सबसे आगे निकल रहे चमचे ।।

डुगडुगी सुनते ही इलेक्शन की,
जैसे मेंढक उछल रहे चमचे ।।

मांग हर दल में खूब है इनकी,
आज दल – दल में पल रहे चमचे ।।

नेता गिरगिट सा रंग बदलते हैं,
क्या हुआ गर बदल रहे चमचे ।।

क्या अजब है नशा सियासत का !
जाम पी कर बहल रहे चमचे।।

चमचई की ही चमचमाहट में,
रात– दिन फूल – फल रहे चमचे ।।

दूर तुम से नियाज है, लेकिन !
दिल्ली जा कर टहल रहे चमचे ।।



**लेखकः नियाज कपिलवस्तुवी**
**दैनिक बुद्ध का संदेश**

# नई चुनौतियों संग पुराने मामलों का दबाव

**देश का किसान धन के अभाव में, युवा रोजगार के अभाव में तथा सरकारें संवेदना के अभाव में स्वार्थ के गर्त में धंसती जा रही हैं ऐसे समय में सिंधु ताई सपकाल मां बनकर आईं और वस्तुतरू मां की ममता से जिनका कोई नहीं था उन्हें स्नेह–सिक्त कर दिया उनकी मां बन गईं भारत सरकार ने सिंधु ताई को पद्मश्री से नवाजा यह गौरव की बात हैय ऐसे विराट व्यक्तित्व का जाना दुखद ही नहीं अपितु ...**

अनूप भटनागर

वर्ष 2022 के दौरान न्यायपालिका के समक्ष आने वाली नई चुनौतियों के अलावा फिलहाल इस साल देश की शीर्ष अदालत के पास पहले से ही लंबित मामलों की लंबी सूची है। इसमें लंबित राजद्रोह के अपराध से संबंधित भारतीय दंड संहिता के प्रावधान की संवैधानिकता, जम्मू–कश्मीर को विशेष राज्य का दर्जा देने संबंधी अनुच्छेद 370 खत्म करने, नागरिकता संशोधन कानून की संवैधानिकता, राज्यों में स्थानीय निकाय के चुनावों में ओबीसी आरक्षण, विभिन्न धर्मों में महिलाओं के अधिकारों से संबंधित विवाद आदि पर सुविचारित व्यवस्था की अपेक्षा है। इस दौरान देश को वर्तमान प्रधान न्यायाधीश सहित तीन प्रधान न्यायाधीशों की कार्यशैली से रू–ब–रू होने का अवसर मिलेगा।

इस दौरान न्यायालय को बहुचर्चित स्पाईवेयर पेगासस का कथित रूप से इस्तेमाल कर भारतीय नागरिकों की जासूसी मामले पर भी अपनी व्यवस्था देनी है। इस प्रकरण में न्यायालय ने विशेषज्ञों का एक दल गठित किया था जिसे सारे तथ्यों का अध्ययन करके अपनी रिपोर्ट देनी थी।

इसी तरह, न्यायालय 2002 के गुजरात दंगों से संबंधित कतिपय मामलों की जांच के लिए गठित विशेष जांच दल द्वारा राज्य के तत्कालीन मुख्यमंत्री और कुछ अन्य लोगों को क्लीन चिट देने के खिलाफ जाकिया जाफरी की याचिका पर अपनी व्यवस्था देगा। इन दंगों के दौरान गुलबर्ग सोसायटी में हुई हिंसा में जाकिया के पति और कांग्रेस के पूर्व सांसद एहसान जाफरी भी मारे गए थे। इसके अलावा, कोविड–19 वैश्विक महामारी से उत्पन्न परिस्थितियों और इससे निपटने के सरकारों के उपायों, गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम कानून की संवैधानिकता, सोशल मीडिया पर अभिव्यक्ति की आजादी का दुरुपयोग सहित कई अन्य महत्वपूर्ण मामलों में न्यायालय की सुविचारित व्यवस्था की अपेक्षा है। शीर्ष अदालत में करीब 69,855 मामले लंबित हैं। इनमें संविधान पीठ के विचारार्थ 422 मामले भी शामिल हैं।

यह कहना मुश्किल है कि संविधान पीठ के विचारार्थ मामलों में कब सुनवाई होगी क्योंकि पांच, सात और नौ सदस्यीय संविधान पीठ का गठन बहुत आसान नहीं होता है। पांच सदस्यीय संविधान पीठ का गठन तो फिर भी हो जाता है लेकिन सात और नौ सदस्यीय पीठ का गठन करते समय पहले से लंबित अन्य मामलों की स्थिति और न्यायाधीशों की उपलब्धता को भी ध्यान में रखा जाता है। इस समय, संविधान पीठ के विचारार्थ मामलों में 135 मामले नौ सदस्यीय संविधान पीठ की व्यवस्था के इंतजार में हैं। इन मामलों में पांच तो मूल मामले हैं और 130 इससे संबद्ध मसले हैं।

इसी तरह, सात सदस्यीय संविधान पीठ के विचारार्थ 15 मामले हैं, जिनमे सात मामले मूल हैं और आठ इनसे संबद्ध हैं । पांच सदस्यीय संविधान पीठ के पास भी 272 मामले विचारार्थ हैं। इनमें 38 मूल मामले हैं और 234 इनसे संबद्ध हैं।

देश को वर्ष 2022 में तीन प्रधान न्यायाधीश देखने को मिलेंगे। वर्तमान प्रधान न्यायाधीश एनवी रमण 26 अगस्त तक न्यायपालिका के मुखिया रहेंगे। इसके बाद न्यायमूर्ति उदय यू. ललित प्रधान न्यायाधीश बनेंगे जो आठ नवंबर तक इस पद को सुशोभित करेंगे। न्यायमूर्ति ललित के सेवानिवृत्त होने पर आठ नवंबर को न्यायमूर्ति डॉ. धनंजय वाई. चंद्रचूड़ देश के प्रधान न्यायाधीश बनेंगे और 10 नवंबर, 2024 तक इस पद पर रहेंगे। बहुत लंबे समय बाद देश को दो साल की अवधि के लिए प्रधान न्यायाधीश मिलेगा।

न्यायमूर्ति डॉ. धनंजय वाई. चंद्रचूड़ के पिता न्यायमूर्ति वाईएस चंद्रचूड़ भी देश के प्रधान न्यायाधीश पद से सेवानिवृत्त हुए थे। न्यायमूर्ति वाईएस चंद्रचूड़ संभवतरू सबसे लंबी अवधि तक देश के प्रधान न्यायाधीश रहे। वह 22 फरवरी, 1978 को देश के प्रधान न्यायाधीश नियुक्त हुए थे और सात साल से भी ज्यादा समय तक इस पद पर रहे। वह 11 जुलाई, 1985 को प्रधान न्यायाधीश पद से सेवानिवृत्त हुए थे। नयी सदी में, इससे पहले, न्यायमूर्ति केजी बालाकृष्णन और न्यायमूर्ति एसएच कपाडिया ही ऐसे प्रधान न्यायाधीश हुए, जिनका कार्यकाल दो साल या इससे अधिक था।

इस वर्ष उच्चतम न्यायालय के आठ न्यायाधीश सेवानिवृत्त होंगे। इनमें प्रधान न्यायाधीश एनवी रमण, न्यायमूर्ति उदय यू. ललित, न्यायमूर्ति एएम खानविलकर, न्यायमूर्ति एल. नागेश्वर राव, न्यायमूर्ति इन्दिरा बनर्जी, न्यायमूर्ति विनीत सरन, न्यायमूर्ति हेमंत गुप्ता और न्यायमूर्ति आर सुभाष रेड्डी शामिल हैं। सेवानिवृत्त होने वाले न्यायाधीशों में सबसे पहले न्यायमूर्ति सुभाष रेड्डी हैं जो चार जनवरी को सेवानिवृत्त हो जाएंगे। इसके बाद, न्यायमूर्ति विनीत सरन 10 मई, न्यायमूर्ति एल. नागेश्वर राव सात जून, न्यायमूर्ति खानविलकर 29 जुलाई, प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति रमण 26 अगस्त, न्यायमूर्ति इन्दिरा बनर्जी 23 सितंबर, न्यायमूर्ति हेमंत गुप्ता 16 अक्तूबर और न्यायमूर्ति ललित आठ नवंबर को सेवानिवृत्त होंगे। उम्मीद की जानी चाहिए कि 2022 में उच्चतम न्यायालय ही नहीं बल्कि उच्च न्यायालय और अधीनस्थ अदालतें भी पांच करोड़ से ज्यादा लंबित मुकदमों का तेजी से निस्तारण करने का प्रयास करेंगी। उच्च न्यायालयों में 56,50,485 और अधीनस्थ अदालतों में 4,04,589753 मुकदमें लंबित हैं।

# महामारी का दुश्चक्र तोडने की हो साझा पहल

**हमें वैक्सीन के प्रति झिझक, इंसानी व्यवहार में आए बदलावों, मानसिक स्वास्थ्य आदि पर सामाजिक विज्ञान और महामारी–मनोविज्ञान अनुसंधान की जरूरत है। भारतीय मेडिकल एजेंसियों ने पिछले दो सालों में विशाल डाटा इक;ा किया है, इसके विश्लेषण से संभावित हल निकालने में मदद मिलेगी। इसके लिए, डाटा सरकारी विभागों से बाहर के अनुसंधानकर्ताओं से साझा करना चाहिए...**

दिनेश सी. शर्मा

बीता साल पिछले बारह महीनों में हुए घटनाक्रम का पुनरावलोकन करने का मौका देता है, साथ ही यह अवसर अगले बारह मासों का अंदाजा लगाने का भी होता है। किंतु आज भी जारी कोविड–19 महामारी ने इस कवायद को मुश्किल बना दिया है। पिछले साल का आगाज एक नए वेरियंट श्अल्फाय पैदा होने के डर से हुआ था। इसके प्रभाव से बने केसों की शिनाख्त दिसंबर, 2020 में जीनोम सिक्वेंसिंग के जरिए हुई थी। वक्त बीतने के साथ इसका अगला रूप श्डेल्टाय उभरा, जो भारत में महामारी की अत्यंत मारक दूसरी लहर का जिम्मेवार था, इसके शिखर पर, 3 मई को देश में 27 लाख से अधिक संक्रमित थे।

इस डेल्टा वेरिएंट ने कई देशों में करोड़ों लोगों को संक्रमित किया था और दुनियाभर में यह कोरोना का सिरमौर घातक रूपांतर रहा। वर्ष 2021 का अंत आते–आते हम इसके नए वेरिएंट ओमीक्रोन के साये से घिरने लगे हैं। फिलवक्त दक्षिण अफ्रीका में यह महामारी का मुख्य वाहक है और तेजी से अन्य जगहों पर फैल रहा है। आलम यह है कि नए रूपांतर आना, जीनोम सिक्वेंसिंग, ट्रैवल एडवाइजरी, अल्प लॉकडाउन और आर्थिकी के पहिए थमना जैसा घटनाक्रम मानो एक चक्र बन गया है। वर्ष 2022 की चुनौतियों में एक होगा, इस दुश्चक्र को तोडने की राह निकलना। हालांकि घटनाक्रम का सिलसिला, जो अब दिख रहा है, वह पिछले साल जैसा लगता है, किंतु इस बार फर्क है। सबसे बड़ा अंतर यह कि अब दुनिया में विभिन्न वैक्सीन और संभावित गोली के रूप में हथियार हैं। 8 दिसंबर, 2020 को यूके की मारग्रेट कीनन विश्व में कोविड–19 की वैक्सीन खोजने वाली पहली साइंसदान बनीं। तब से लेकर कोविड–19 की विभिन्न वैक्सीन के लगभग 900 करोड़ टीके संसार भर में लग चुके हैं। इसमें लगभग 145 करोड़ अकेले भारत में लगे हैं। वैश्विक मेडिकल इतिहास में कोविड वैक्सीनेशन सबसे बड़ी रोग–प्रतिरोधात्मक मुहिम है। बृहद तौर पर यह आंकड़े भले ही काफी प्रभावशाली लगते हैं लेकिन विश्व में व्याप्त असमानता को भी ढांपे हुए हैं। अमीर मुल्कों ने वैक्सीन की सबसे बड़ी मात्रा अपनी ओर खींच रखी है, जहां उनके नागरिकों को बूस्टर के तौर पर तीसरी खुराक मिल रही है वहीं गरीब देशों में वैक्सीन अभियान की गति सोचनीय है। इसी श्प्रलयंकारी नैतिक असफलताय का डर विश्व स्वास्थ्य संगठन के अध्यक्ष डॉ. टेडरॉस घेब्रेइसस जताते आए हैं। भारत में, जिन लोगों को वैक्सीन का एक टीका लग चुका है, 26 दिसंबर 2021 तक उनका हिस्सा 60 प्रतिशत था, तो दोनों खुराक पाने वालों की संख्या 41.8 प्रतिशत था। समाज के विभिन्न आय वर्गों में वैक्सीन लगने में कितना फर्क है, इसका डाटा सार्वजनिक डोमेन पर उपलब्ध नहीं है। अपनी कमियों के बावजूद कोविड की मौजूदा वैक्सीन नए–नए रूपांतरों के विरुद्ध सबसे कारगर हथियार है। इसलिए ध्यान का केंद्र दोनों टीके लगे लोगों की संख्या तेजी से बढ़ाने के साथ–साथ बूस्टर डोज लगाने पर बनाए रखना होगा। हालांकि पाया गया है कि ओमीक्रोन वैक्सीन की दोनों खुराक पाए लोगों को भी निशाना बनाने में सक्षम है, लेकिन अनुमान है कि ऐसे लोगों में संक्रमण की तीव्रता कम रहेगी। पूरा डाटा आने और अध्ययन के बाद ही दृश्यावली पूरी तरह साफ हो पाएगी। अतएव कोविड के नित नए रूपांतरों के खिलाफ लड़ाई में वैक्सीन अभियान को मुख्य हथियार बनाए रखना जारी रहेगा। भारत में इसको विस्तार देते हुए तरुणों, फ्रंटलाइन वर्करों और अतिरिक्त रोग–ग्रस्त बुजुर्गों को बूस्टर डोज लगाने का काम महत्वपूर्ण बन जाता है। ठीक इसी समय, जिन्होंने एक भी टीका नहीं लगवाया, उन तक पहुंचना बहुत जरूरी है। देखने में आया है कि जिन देशों में अधिसंख्या पूरी वैक्सीन लगवा चुके लोगों की है, वहां चंद बचे लोगों को जरिया बनाकर वायरस नई लहर बना रहा है। ओमीक्रोन पिछले डेल्टा वेरियंट की तरह तबाहकुन न बनने पाए, इसकी रोकथाम हेतु एक उपाय है कोविड संबंधी आचार–संहिता का पालन करना। वर्ष 2021 के आरंभ में, जब अल्फा की शिनाख्त हुई थी और डेल्टा भारत में कहीं अभी अपने पैर जमा रहा था, उस वक्त लोगों ने ढिलाई बरतनी शुरू कर दी थी। भारतीय वैक्सीन की उपलब्धता को लेकर आश्वस्तता का भाव था और राजनीतिक नेतृत्व ने तो वायरस पर विजय पाने का समय–पूर्व दावा तक कर डाला था। चुनाव आयोग ने केरल, असम, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और पुड्डुचेरी में विधानसभा चुनाव करवाने की घोषणा कर दी थी। इस प्रक्रिया के तहत बहु–चरणीय चुनावी तिथियों के कारण प्रचार लंबे समय तक खिंचा। सुरक्षित दूरी बनाने और मास्क लगाने की अनिवार्यता के बिना विशाल चुनावी रैलियां हुईं। 27 मार्च से 29 अप्रैल के बीच कई चरणों में मतदान हुआ, चंद दिनों में ही डेल्टा वेरिएंट सारे देश में अपनी पूरी ताब के साथ फैल गया। वर्ष 2022 के आरंभ में हम फिर वैसी स्थिति में है, जहां एक ओर नए कोविड रूपांतर ने भारत में अपनी आमद दर्ज करवा दी है वहीं पांच राज्योंदृउत्तर प्रदेश, पंजाब, उत्तराखंड, गोवा और मणिपुर में चुनाव होने जा रहे हैं। लगता है वैक्सीन की ऊंची दर ने ढिलाई वाला व्यवहार बना दिया है, जैसा कि हालिया त्योहारों और छुट्टियों के दौरान देखने को मिला। चुनाव आयोग की घोषणा से पहले ही राजनीतिक दलों ने उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में विशाल रैलियां–जुलूस आदि आयोजित करने की पूरी तैयारी बांध ली है। चुनाव आयोग ने चुनाव–कार्यक्रम घोषित करने से पहले स्वास्थ्य मंत्रालय और संबंधित विशेषज्ञों से महामारी की स्थिति पर राय ली है। विधानसभा चुनाव को कुछ ऐसे तरीके से करवाया जाए ताकि ओमीक्रोन की भावी लहर या नया वेरियंट बनाने में सहायक न बने। महामारी की शुरुआत के बाद विज्ञान ने तेजी से तरक्की की है, जिससे कि हमें वायरस को गहराई से जानने और इसके व्यवहार के बारे में पता चला है, नए तरीकों, टेस्टिंग किटों और वैक्सीन की खोज हुई है। लेकिन फिर भी हमें अनेकानेक बिंदुओं पर भारत–विशेष अध्ययन की जरूरत है। साथ ही, महामारी प्रबंधन को भी मेडिकल अनुसंधान से परे अन्य विषयों पर भी बहुत कुछ करने की जरूरत है। हमें वैक्सीन के प्रति झिझक, इंसानी व्यवहार में आए बदलावों, मानसिक स्वास्थ्य आदि पर सामाजिक विज्ञान और महामारी–मनोविज्ञान अनुसंधान की जरूरत है। भारतीय मेडिकल एजेंसियों ने पिछले दो सालों में विशाल डाटा इकत्र्रा किया है, इसके विश्लेषण से संभावित हल निकालने में मदद मिलेगी। इसके लिए, डाटा सरकारी विभागों से बाहर के अनुसंधानकर्ताओं से साझा करना चाहिए, लेकिन इस तक मुक्त पहुंच बनाने की बार–बार इल्तिजा के बावजूद सरकार डाटा को गोपनीय रखे हुए है। उम्मीद करें कि जब हम वर्ष 2022 में महामारी के तीसरे साल में दाखिल हो रहे हैं, उक्त रुख में बदलाव होगा।

लेखक विज्ञान संबंधी मामलों के टिप्पणीकार हैं।



## राज्य मंत्री ने काली सूची में डालने का दिया निर्देश

देवरिया। राज्य मंत्री जयप्रकाश निषाद ने लोक निर्माण विभाग की कार्यशैली पर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा कि ठीकेदार सड़कों के निर्माण कार्य को समय से शुरू नहीं कर रहा है। जिसके चलते काम समय से पूरा नहीं हो रहा है। ऐसे ठीकेदारों को काली सूची में डालने की कार्रवाई करें। उन्हें काम देने से प्रतिबंधित करें। बोर्ड की बैठक में वित्तीय वर्ष 2021–22 में जिला पंचायत के पुनरीक्षित बजट, 2022–23 के लिए विशेष प्रस्ताव के माध्यम से प्रस्तावित मूल बजट की स्वीकृति मिली। इसके अलावा पंचम राज्य वित्त आयोग वर्ष 2022–23 के तहत वार्षिकी कार्ययोजना, जिला पंचायत के वादों में सुलहनामा, जवाबदेही व शपथ पत्र दाखिल करने के लिए अधिकारियों को नामित करने, बकाएदारों से वसूली भू–राजस्व के माध्यम से कराने, ग्रामीण क्षेत्रों में एलईडी लाइट लगवाने के प्रस्तावों की स्वीकृति शामिल है।

## सूचना न देने पर ईओ व सहायक अभियंता पर 25-25 हजार रुपये का अर्थदंड

देवरिया। नगर पालिका में कराए गए विकास कार्यों की जनसूचना अधिकार अधिनियम के तहत सूचना न देना नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी व सहायक अभियंता को महंगा पड़ गया है। दोनों अधिकारियों पर उत्तर प्रदेश राज्य सूचना आयुक्त ने 25–25 हजार रुपये का अर्थ दंड लगाया है। शहर के राघव नगर के रहने वाले विजय रामायण राव का कहना है कि उनके पिता स्व.रामायण राव ने बहुत पहले नगर पालिका द्वारा कराए गए विकास कार्यों की जनसूचना के तहत जानकारी मांगी थी, लेकिन नगर पालिका द्वारा भ्रष्टाचार छिपाते हुए सूचना नहीं दिया गया। यह मामला राज्य सूचना आयुक्त चंद्रकांत पांडेय के यहां पहुंचा, वहां भी नगर पालिका की सूचना नहीं दी गई। राज्य सूचना आयुक्त ने सहायक अभियंता नगर पालिका पर 25 हजार व अधिशासी अधिकारी पर 25–25 हजार रुपये का अर्थ दंड लगाया है। विजय रामायण ने इसकी शिकायत अब जिलाधिकारी आशुतोष निरंजन से भी की है।

## 45 हजार उपभोक्ताओं के घरों में नहीं लगा मीटर

देवरिया। बिजली बिल वसूली व लाइन लास कम करने पर सरकार का जोर है, बावजूद इसके विभागीय लापरवाही के चलते जनपद के 45 हजार उपभोक्ताओं के घरों में विद्युत मीटर नहीं लग सका है। विद्युत मीटर न लगने के चलते बिजली की खपत की रीडिग नहीं हो पा रही है। जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में लगभग तीन लाख 85 हजार विद्युत कनेक्शन हैं। तीन वर्ष से ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत मीटर लगाने का कार्य चल रहा है। अभी भी जनपद के 45 हजार उपभोक्ता ऐसे हैं, जिनके घरों में विद्युत मीटर नहीं लग सका है। जिसके चलते उनके घर में कितनी बिजली खपत हो रही है, इसकी जानकारी नहीं हो पा रही है। बीच में कई फर्मो को मीटर लगाने का ठीका भी दिया गया, बावजूद इसके मीटर लगने का कार्य पूरा नहीं हो सका है।

## पुलिस के हाथ लगा एक हत्यारोपित, दो अन्य से पूछताछ

देवरिया। बरियारपुर थानाक्षेत्र के अहिलवार बुजुर्ग गांव के रहने वाले अजय मिश्र की बुधवार की रात गला काटकर हत्या के मामले में नामजद आरोपितों की तलाश तेज कर दी है। पुलिस जगह–जगह दबिश दे रही है। एक हत्यारोपित पुलिस के हत्थे चढ़ गया है। इस मामले में दो अन्य को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। युवक अजय मिश्र की गांव की भूमि को अपहरण कर बैनामा कराने का विवाद कुछ लोगों से चल रहा था। सुबह उनका शव पिपरा चंद्रभान गांव के पास मिला था। गला काटकर उनकी हत्या की गई थी। अजय के चाचा रमेश मिश्र की तहरीर पर बरियारपुर थाने में भूमि बैनामा कराने वाला अरुण कुमार सिंह पुत्र दयाशंकर सिंह, सहयोगी पिपरा चंद्रभान का प्रद्युम्न पांडेय पुत्र संजय पांडेय, पुनीत शाही पुत्र उमेश नारायण शाही, अरविद कुमार पांडेय पुत्र लाल बहादुर पांडेय व सोनूघाट का पूर्व प्रधान हृदयाशंकर यादव व तीन अज्ञात के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज किया था।

## मृतक का आडियो वायरल, साजिश तो नहीं

देवरिया। युवक की हत्या सुनियोजित तरीके से की गई है। घटना के बाद युवक का आडियो वायरल हो रहा है। जिसमें युवक अपने सगे चाचा से जान की सुरक्षा की गुहार लगा रहा है। आडियो वायरल होने के बाद डीआइजीध्एसपी डा.श्रीपति मिश्र ने जांच के निर्देश दिए हैं। आडियो कब का है, मृतक फोन पर किस व्यक्ति से बातचीत हो रही है और सुरक्षा के लिए मदद मांग रहा है, उस व्यक्ति ने मृतक की सुरक्षा के लिए किसको भेजा, उसने आडियो क्यों वायरल किया, कहीं उसकी मंशा साजिश की तो नहीं थी। फिलहाल पुलिस इन प्रश्नों का जवाब खोजने में जुटी है।

## बारिश ने बढ़ाई ठंड, फसल को मिली संजीवनी

देवरिया। दो दिनों से रुक–रुक कर हो रही बारिश ने ठंड बढ़ा दी है। बारिश गेहूं की फसल के लिए संजीवनी बन गई है। ग्रामीण क्षेत्र की सड़कें कीचड़ से सराबोर हो गई हैं। इन सड़कों पर राह चलना मुश्किल हो गया है। नागरिक परेशान रहे। उधर गर्म कपड़ों का बाजार गर्म रहा। लोगों ने जमकर खरीदारी की। एक सप्ताह से सर्द मौसम का कहर जारी है। दिन में हवाओं के बीच गलन ने दस्तक दी है। दो दिनों से हो रही रिमझिम बारिश से किसानों के चेहरे खिल उठे हैं। सर्द मौसम में परेशानी तो है, लेकिन इससे फसलों को बहुत लाभ पहुंचा है। बारिश के चलते ग्रामीण अंचलों की बिजली आपूर्ति कुछ घंटों के लिए प्रभावित रही। लोग जगह–जगह अलाव तापते नजर आए। गर्म कपड़ों के बाजार में भी आम दिनों के मुकाबले ज्यादा भीड़ नजर आई। लोगों ने मौसम के मिजाज को देखते हुए स्वेटर और जैकेट खरीदे।

# पहले की गलती, सुधारने को मांगा 25 हजार, आडियो वायरल

देवरिया। भटनी विकास खंड के रायबारी में ग्राम पंचायत अधिकारी ने जीवित महिला को परिवार रजिस्टर में मृत दिखा दिया। बाद में महिला को कागज में जीवित करने के लिए 25 हजार रुपये की मांग की गई। एडीओ पंचायत की बातचीत व रुपया मांगने का आडियो वायरल हो गया है। जिम्मेदारी अधिकारियों से शिकायत के बाद भी इसे गंभीरता से नहीं लिया गया। आरोपितों पर कार्रवाई तक नहीं की गई। आडियो वायरल होने के बाद एडीओ पंचायत छेदी प्रसाद अब अपना तर्क देना शुरू कर दिया है। उनका कहना है कि ग्राम पंचायत अधिकारी से गड़बड़ी हुई थी। उसे ठीक करा दिया गया है। गांव का एक व्यक्ति उनको साजिश के तहत फंसा रहा है और आडियो वायरल कर दिया है। उनकी पीड़ित से कोई बात नहीं हुई है। जिला विकास अधिकारी श्रवण कुमार राय ने बताया कि सचिव की गड़बड़ी से परिवार रजिस्टर से महिला का नाम कट गया था। उसे ठीक करा दिया गया है। यदि एडीओ पंचायत ने रुपये की मांग की है और आडियो वायरल हुआ है तो इसकी जांच कराकर कार्रवाई होगी। यह है पूरा मामलाः गांव की लक्ष्मीना देवी के पति स्व. बनारसी प्रसाद शिक्षा विभाग में प्रधानाध्यापक के पद पर तैनात थे। पति के निधन होने के बाद लक्ष्मीना देवी को पेंशन मिलती थी। ग्राम पंचायत अधिकारी ने लक्ष्मीना देवी को परिवार रजिस्टर में मृत दिखा दिया। जिसके चलते उनकी पेंशन बंद हो गई। पेंशन बंद होने की जानकारी जब लक्ष्मीना देवी के पुत्र सुनील कुमार को हुई तो उन्होंने शिकायत दर्ज कराई। तब पता चला कि कागज में तो लक्ष्मीना की मृत दर्शा दिया गया है। इसके बाद लक्ष्मीना ने मुख्य विकास अधिकारी, डीडीओ समेत अन्य अधिकारियों के सामने पेश होकर अपने जीवित होने का सबूत दिया। आरोपित सचिव के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। डीडीओ के सख्त पत्राचार के बाद एडीओ पंचायत ने गड़बड़ी को दूर कराई, लेकिन उसके लिए 25 हजार रुपये की मांग की गई।

# क्लस्टर के हिसाब से होगी गांवों में सचिवों की तैनाती

देवरिया। गांवों के विकास को गति देने के लिए अब क्लस्टर के हिसाब से ग्राम पंचायत अधिकारी व ग्राम विकास अधिकारी की तैनाती की जाएगी। अपर मुख्य सचिव मनोज सिंह का पत्र आने के बाद क्लस्टर के हिसाब से तैनाती की सूची तैयार होने लगी है। दो से तीन दिनों के अंदर सूची तैयार कर गांवों में सचिवों की तैनाती हो सकती है। इससे काम करने में काफी सहूलियत होगी। लोगों को भी आराम हो जाएगा। जिले के 16 ब्लाकों में 1185 ग्राम पंचायतें है। इसमें 325 क्लस्टर बनाए गए हैं। एक क्लस्टर में 10 से 12 हजार आबादी को शामिल किया गया है। ऐसे तो ग्राम पंचायत अधिकारी व ग्राम विकास अधिकारी की कमी है। जिसके चलते कुछ ग्राम पंचायत अधिकारी आठ से दस गांव तो कुछ ग्राम पंचायत अधिकारी तीन से चार गांव देख रहे हैं। अब ऐसा नहीं होगा।

पहले सभी सचिवों को चार–चार ग्राम पंचायतें दी जाएगी। विकास कार्यों में प्रधानों संग सचिवों की भी महत्वपूर्ण भूमिका है। अधिकतर कार्य इन्हीं दोनों की सहभागिता से कराए जाते हैं। इसके साथ ही भुगतान में भी दोनों का डोंगल संयुक्त रूप से लगता है। एक सचिव के पास कई गांव होने से विकास कार्य प्रभावित होते रहे हैं। इसे देखते हुए क्लस्टर बनाया जा रहा है। सभी सचिवों को निर्धारित गांव दिए जाएंगे। इससे विकास कार्यों को रफ्तार तो मिलेगी ही काम का बोझ भी कम होगा। डीपीआरओ अविनाश कुमार ने बताया कि नए निर्देश के क्रम में सूची तैयार होने लगी है। जल्द ही सचिवों की तैनाती को अंतिम रूप दे दिया जाएगा।

# सड़कों की बदहाली को लेकर पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को घेरा

देवरिया। जिला पंचायत बोर्ड की बैठक हंगामेदार रही। सदस्यों ने गड्ढामुक्ति अभियान के नाम पर खानापूरी करने व निर्माणाधीन सड़कों की गुणवत्ता खराब होने पर लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निशाने पर रखा। कई जगहों पर यूरिया की किल्लत को लेकर भी शोरशराबा हुआ। अधिकारियों के सही से जवाब न देने पर जनप्रतिनिधियों ने नाराजगी जाहिर की। जिला पंचायत अध्यक्ष गिरीश चंद्र तिवारी की अध्यक्षता में बैठक शुरू हुई। जिला पंचायत सदस्य कमलेश पांडेय ने धन स्वीकृत होने से पहले ही टेंडर किए जाने पर प्रश्नचिह्न खड़ा किया। सदस्य कलक्टर शर्मा ने अधिकारियों व ठीकेदारों पर सड़कों के निर्माण में धांधली का आरोप लगाते हुए जांच की मांग की। सदस्य अमरजीत यादव ने करुअना–मगहरा रोड की बदहाली का मुद्दा उठाया। विपक्ष के अन्य सदस्यों ने भी हामी भरी तो सत्ता पक्ष के सदस्यों से नोकझोंक हुई। सदस्य अजीत सिंह भटनी के साधन सहकारी समिति भरहेचौरा व नोनापार पर यूरिया नहीं उपलब्ध कराने पर अधिकारियों की कार्यशैली पर प्रश्नचिह्न खड़ा किया। उन्होंने पूछा कि आखिर किन कारणों से यहां के किसानों को यूरिया उपलब्ध नहीं कराई जा रही है।अधिकारी इसका समुचित जवाब नहीं दे सके। सीडीओ रवींद्र कुमार ने उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। सदस्य कमलेश पांडेय ने देवरिया के उर्वरक को दूसरे जनपदों में भेजने का आरोप लगाया। विधायक काली प्रसाद ने अधिकारियों को सही जानकारी नहीं होने पर नाराजगी जाहिर की। सदस्य जनक कुशवाहा ने मछुआ समुदाय के लिए आवास उपलब्ध कराने का मुद्दा उठाया। सदस्य कमलेश पांडेय ने बटाईदारों के नाम पर बिचौलियों द्वारा धान बेचने का आरोप लगाया तो एडीएम वित्त एवं राजस्व नागेंद्र कुमार सिंह ने जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया। सदस्य संतोष चौहान ने बिजली की समस्या से अवगत कराया। बैठक में सांसद रविदर कुशवाहा, विधायक काली प्रसाद, सीडीओ रवींद्र कुमार, अपर मुख्य अधिकारी ज्ञानध्यान सिंह आदि मौजूद रहे।

## खेती संग पशुपालन से भविष्य संवार रहे अवनीश

महराजगंज। अगर सोच सकारात्मक हो और मन में हौसला हो, तो कोई भी समस्याएं बाधा नहीं बन सकती है। इसके नजीर हैं जनपद के सोनरा निवासी अवनीश कुमार। वह खेती संग पशुपालन के जरिये आर्थिक उन्नति कर भविष्य संवार रहे हैं। इससे वह साल में करीब सात लाख रुपये का कारोबार कर रहे हैं। इनकी इस उपलब्धि पर डीएम इन्हें सम्मानित भी कर चुके हैं। सोनरा निवासी अवनीश कुमार हाईस्कूल तक शिक्षा ग्रहण करने के बाद आर्थिक संकट के चलते आगे की पढ़ाई नहीं कर सके। तो आठ साल पहले पुश्तैनी खेती के व्यवसाय में हाथ आजमाया। धीरे–धीरे सफलता मिली। पांच एकड़ खेत में साल भर में 65–70 क्विंटल धान तथा 25–30 क्विंटल गेहूं की फसल का उत्पादन करने लगे। घर के खाने के लिए फसल निकालकर शेष बेच देते हैं। इससे करीब डेढ़ लाख रुपये प्राप्त करते हैं। लेकिन जब बच्चे बड़े हुए और जिम्मेदारी को बोझ बढ़ा तो तीन साल पूर्व पशुपालन भी करने लगे। 12 पशुओं से डेरी की शुरुआत की। इन पशुओं से प्रतिमाह 1200 लीटर दूध प्राप्त करते हैं। जिसे गांव व जिले में दुकानदारों को आपूर्ति करते हैं। वह खेती और पशुपालन से एक वर्ष में अब सात लाख रुपये का कारोबार कर रहे हैं।

## उत्पादक संगठन से जुड़कर अपनी आय दोगुना करें किसान : सीडीओ

महराजगंज। कृषि प्रधान जिले में कृषि के क्षेत्र में व्यापक संभावनाएं हैं। किसान कृषि से जुड़े कार्यों को विस्तृत रूप देकर अपनी आय बढ़ा सकते हैं। वहीं स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से उत्पाद बेहतर ढंग से तैयार करा कर आपूर्ति करें।

इसके लिए जरूरी है किसान और स्वयं सहायता समूह मिलकर काम करें। यह बातें मुख्य विकास अधिकारी गौरव सिंह सोगरवाल ने .ब्लाक सभागर में प्रगतिशील कृषकों व स्वयं सहायता समूहों से जुड़े जिम्मेदारों की बैठक में कहीं। उन्होंने कहा कि जिले में वर्मी कंपोस्ट का दायरा काफी हद तक बढ़ा है, इसे व्यापक रूप देकर जिले में उत्पादकों के साथ–साथ समूहों को बेहतर पहचान दिलाई जा सकती है।

ड्रैगन फ्रूट, सुनहरी शकरकंद, हल्दी, स्ट्राबेरी, खीरा, केला व फूलों की खेती की भी यहां पर विस्तृत संभावना है। हम सभी यदि मिलकर कार्य करें तो जिले को कृषि सामग्रियों के उत्पादन की दृष्टि से एक हब के रूप में स्थापित किया जा सकता है। नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक रविशंकर ने कहा कि जिले में कृषक उत्पादक संगठनों के विकास को लेकर नियमित तौर पर प्रयास किए जा रहे है। इस दौरान जिला कृषि अधिकारी वीरेंद्र कुमार, मार्गदर्शी बैंक के मुख्य प्रबंधक एसके श्रीवास्तव, प्रभारी जिला उद्यान अधिकारी विकास श्रीनेत, जिला कृषि रक्षा अधिकारी हिमांचल सोनकर आदि मौजूद रहे। सीडीओ ने किया लक्ष्मीपुर ब्लाक का निरीक्षणः मुख्य विकास अधिकारी गौरव सिंह सोगरवाल ने लक्ष्मीपुर ब्लाक का निरीक्षण किया। परिसर में नवनिर्मित पार्क का निरीक्षण कर मातहतों को आवश्यक दिशा–निर्देश देते हुए पार्क के महत्ता, साज–सज्जा, पेड़–पौधे, फूल, हरी घास, झोपड़ी, फौवारा, ओपेन जिम, स्लोगन लिखे बाहरी दिवाल व लाइटिग कार्य में लापरवाही न करने के निर्देश दिए। जिला अर्थ व सांख्यिकी अधिकारी अजय कुमार यादव, मनरेगा एपीओ आभा दूबे, एडीओ पंचायत प्रमोद यादव, एडीओ आईएसबी राजेंद्र चौधरी आदि उपस्थित रहे।

## पन्द्रह से अट्ठारह वर्ष के छात्र/छात्राओं का हुआ कोविड टीकाकरण

### शिक्षा के साथ साथ अच्छी सेहत भी जरूरीः चेयरमैन एम एन त्रिपाठी

दैनिक बुद्ध का संदेश

गौरी बाजार/देवरिया। गौरी बाजार क्षेत्र के एस बी टी पब्लिक




स्कूल में शनिवार को पंद्रह से अट्ठारह वर्ष के छात्रध्छात्राओं का गौरी बाजार सीएचसी प्रभारी डॉ बी एन गिरी की देखरेख में उनकी टीम द्वारा कोविड–19 टीकाकरण किया गया। जिसमें 138 छात्रध्छात्राओं को कोरोनारोधी टीका लगा।

**टीम में ए एन एम सुशीला,सरिता, विष्णु शामिल रहे**

विद्यालय के चेयरमैन एम एन त्रिपाठी ने बच्चों को बताया कि ये टीका आपके शरीर की इम्यूनिटी बढ़ाकर इस महामारी से लड़ने में मदद करेगा । स्वस्थ शिक्षा के लिए स्वस्थ शरीर भी जरूरी है। उन्होंने बच्चों से कोविड –19 के निर्देश का पालन करने के लिए भी कहा। विद्यालय के उप प्रधानाचार्य एस पी बिंद ने बताया कि आज 138 छात्र – छात्राओं को टीका लग चुका है।शेष छात्र – छात्राओं को भी टीम द्वारा टीका लगाया जाएगा। टीकाकरण टीम के सहयोग में विद्यालय के शिक्षक दिवाकर पाण्डेय,अबू दानिश, अम्बरीश त्रिपाठी,सीमा राय,अम्बा त्रिपाठी, ब्यूटी यादव, पीटीआई बबलू उपाध्याय आदि मौजूद रहे.

# गोला उपनगर स्थित उप डाकघर कार्यालय में चोरो ने चोरी का किया प्रयास

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोला / गोरखपुर।गोला उपनगर स्थित उपडाकघर गोला में बीती रात अज्ञात चोर छत के रास्ते घुस कर कार्यालय में रखा आलमारी का कुंडी तोड़कर रखा कागजात तीतर बितर कर दिए। डाक घर कर्मी जब अपने डयूटी पर पहुचे तो देखे कि सारा कागजात तीतर बितर पड़ा है । घटना की सूचना उपडाकपाल गोला अशोक कुमार मिश्रा ने तत्काल गोला थाने को दिया ।सूचना पाते ही पुलिस घटना स्थल पर पहुच कर स्थलीय निरीक्षण कर पुलिसिया कार्यवाही शुरू कर दिया है। प्राप्त बिबरनके अनुसार क्षेत्र मे चोरो का आतंक काफी दिनों से ब्याप्त है ।क्षेत्र में दर्जनों चोरी की घटना घट चुकी है ।लेकिन गोला पुलिस को



किसी भी चोरी की घटना का पर्दाफाश करने में खिताब नही मिल पाया है। बीती रात थाने से महज चार सौ मीटर दूर कस्बे में ही स्थित उप डाक घर गोला कार्यालय में अज्ञात चोरों ने हाथ साफ करने का भरपूर प्रयास किया ।छत के रास्ते से घुस कर डाकघर के मुख्य द्वार का कुंडी काट कर अंदर जाकर रखी गयी आलमारी के दरवाजा को खोलकर रखाझ कागजात तीतर बितर कर दिए । उपडाकपाल गोला के सूचना पर कस्बा के एस आई गौरव कन्नौजिया घटना स्थल पर पहुचे ।घटना स्थल का निरीक्षण किया ।उपडाकपाल अशोक मिश्रा का कहना है कि चोर जिस मकसद से चोरी करने का प्रयास किये वह मकसद उनका पूरा नही हुआ ।कागजात आदि को तीतर बितर कर दिए है।कोई धन नही गया है।लेकिन इस घटना से कस्बा वासियो में दहशत का माहौल बना हुआ है ।कस्बा वासियो का कहना है किपुलिस का पिकेट कस्बे में रात को रहता है। उसके बाद भी चोरो का हौसला बुलन्द है । उपडाकघर भी सुरक्षित नही है । पुलिसिया ब्यवस्था पर प्रश्न चिन्ह खड़ा पड़ा है।

## गोला कोतवाली पर समाधान दिवस का हुआ आयोजन, निस्तारण रहा शून्य



दैनिक बुद्ध का संदेश

गोला / गोरखपुर।गोला कोतवाली पर शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन सम्पन्न हुआ। जिसकी अध्यक्षता नायब तहसीलदार गोला पंकज कुमार गुप्ता व नवागत कोतवाल राहुल कुमार सिंह ने किया।इस समाधान दिवस पर कुल छह मामले आये जिसमे निस्तारण शून्य रहा।इस समाधान दिवस पर राजस्व निरीक्षक गोला बी डी त्रिपाठी अपने राजस्व टीम के साथ उपस्थित होकर समाधान दिवस पर आने वाले मामलो के निस्तारण में सहयोग किया।इस अवसर पर प्रमुख रूप से एस आई जयराम यादव रंजीत तिवारी अजय कुमार यादव दिनेश कुमार चौधरी व राजस्व कर्मी ओमप्रकाश यादव रामनिवास परमहंस अजय कुमार पाठक उपेंद्र कुमार बृजेश पांडेय सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## चुनाव आचार संहिता घोषित चौराहों पर लगे होडिंग को प्रशासन ने उतरवाया

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोरखपुर।चुनाव आयोग की आचार संहिता लागू होते ही



जिला प्रशासन चौराहों पर लगे होर्डिंग को उतरवाना किया शुरू उत्तर प्रदेश में 7 चरणों में मतदान होगा गोरखपुर जनपद में छठवे चरण के 3 मार्च को मतदान कराया जाएगा 10 मार्च को मतगणना कड़ी सुरक्षा बंदोबस्त के बीच संपन्न कराया जाएगा जिलाधिकारीध् जिला निर्वाचन अधिकारी विजय किरन आनंद के निर्देशन में अपर नगर मजिस्ट्रेट रोहित मौर्य व लेखा अधिकारी नगर निगम अमरेश के नेतृत्व में विकास भवन अंबेडकर चौक शास्त्री चौक कलेक्ट्रेट चौक गणेश चौक सहित शहर के विभिन्न स्थानों पर राजनीतिक पार्टियों द्वारा लगाए गए होडिंग को उतरवाने का कार्य किया। इस दौरान कलेक्टेड चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक महेश चौबे भी रहे मौजूद।

# अटके भटके व लटके हुये कामों को बीजेपी सरकार ने किया पूराः भूपेश चौबें

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। सदर विधायक भूपेश चौबे ने शनिवार को रावटसगंज नगर स्थित सोनभद्रडिपो के नवनिर्मित भवन व परिसर का विधिवत लोकार्पण किया ।इस मौके पर उन्होंने कहा कि पिछले 5 वर्ष के कार्यकाल में जितने भी कार्य हुए वह विकास की नई इबारत लिख रहे हैं। पूर्ववर्ती सरकारों ने कामों को भटकाया और लटकाया । जनता का ध्यान अराजकता की ओर भटका दिया था और अपने धन की लूट में मस्त रहे ।उन्होंने परिवहन निगम के निजी करण से साफ इंकार करते हुए कहा कि सरकार की ऐसी कोई मंशा नहींसोनभद्र नगर स्थित परिवहन निगम के डिपो के परिसर व भव्य भवन का लोकार्पण शनिवार को विधिवत संपन्न हो गया। परिवहन निगम राज्यमंत्री अशोक कटारिया के निर्देशन में यह कार्य सदर विधायक भूपेश चौबे के द्वारा किया गया। इस मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए सदर विधायक ने कहा कि भाजपा की सरकार विकास को नई गति देने में कामयाब रही है। भाजपा सरकार के कार्यकाल में लूट भ्रष्टाचार अराजकता को कहीं कोई स्थान



नहीं था। इस दौरान भाजपा के समर्पित कार्यकर्ताओं ने जनता के विश्वास को पुनः हासिल करने में सफलता प्राप्त की है। उन्होंने कहा कि पहले की सरकार जनहित की परियोजनाओं को नजरअंदाज करके अपने हित की परियोजनाओं का निर्माण कराती थी जिसमें धन की लूट की जा सके इस दौरान उन्होंने परिवहन निगम के अधि ाकारियों को निर्देश दिया कि डिपो में खड़ी बसों की भी मरम्मत कराकर उन्हें संचालित किया जाए। कोई भी दिक्कत यात्रियों के लिए उत्पन्न नहीं होनी चाहिए ।इस मौके पर पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए सदर विध ाायक ने कहा कि अभी तक परिवहन निगम के निजी करण कि कहीं कोई चर्चा तक नहीं है यह बातें अफवाह के रूप में फैला कर कुछ लोग जनता को गुमराह कर रहे हैं जिनका कार्य जनता को गुमराह करने का ही रहा है वह अपनी सोच वह समझ से जनता के लिए परेशानियां ही खड़ी करते हैं। इस मौके पर भाजपा के तमाम कार्यकर्ता व परिवहन निगम के अधिकारी मौजूद रहे

## 15 वर्ष के ऊपर आयु के बच्चों का टीकाकरण शुरू

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। उत्तर प्रदेश स्वास्थ्य सेवाओं के मद्देनजर कुरोना



कोविड–19 व ओमी क्रोन वायरस के बचाव के मद्देनजर जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में सुरक्षा के मद्देनजर 15 से अधिक आयु के बच्चों व वयस्कों का टीकाकरण जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में कराया जा रहा है इसी कड़ी में बलरामपुर सरस्वती शिशु मंदिर एमपीपी इंटर कॉलेज मां भगवती गंज आदर्श विद्यालय बलरामपुर आदि जगहों पर वैक्सीन लगाया जा रहा है उक्त अवसर सी.एम.एस डॉक्टर अरुण श्रीवास्तव टीकाकरण के शुभारंभ में डॉक्टर रमेश पांडे व डॉक्टर ऋषि पिरामल स्वास्थ्य संगठन से राकेश शुक्ला जिला कोल्ड चेन मैनेजर सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल रहे डॉ अरुण श्रीवास्तव ने बताया कि जिले में 150698 का लक्ष्य का निर्धारण किया गया है टीकाकरण के पहले दिन लगभग 300 बच्चों ने नामांकन कराया जिसमें लगभग 240 बच्चों ने टीकाकरण का लाभ उठाया।

# सीटू फसल अवशेष प्रबंधन योजना को लेकर किसान मेलाएवं कृषि प्रदर्शनी का आयोजन

**कृषि विज्ञान केंद्र सोहना में आयोजित किसान मेले का उद्घाटन नरेंद्र देव कृषि एवं प्रोद्योगिकी विश्वविद्यालय अयोध्या के कुलपति ने किया।**






दैनिक बुद्ध का संदेश

भनवापुर। शनिवार को इन सीटू फसल अवशेष प्रबंधन योजना के अंतर्गत किसान मेला गोष्ठी एवं कृषि उद्योग प्रदर्शनी आज कृषि विज्ञान केंद्र सोहना का उद्घाटन प्रोफेसर बिजेंद्र सिंह कुलपति आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या द्वारा किया गया। प्रोफेसर बिजेंद्र सिंह ने कृषि विज्ञान केंद्र का स्टाल, एकता स्वयं सहायता समूह, कर्नाटका एग्रो केमिकल्स, हिंदुस्तान उर्वरक एवं केमिकल लिमिटेड, एफएमसी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, अजीत बीज भंडार, एग्री जंक्शन डुमरियागंज का अवलोकन करने के बाद प्रोफेसर बिजेंद्र सिंह का स्वागत बुके देकर केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ ओम प्रकाश वर्मा ने किया गया। निदेशक प्रसार प्रोफेसर ए पी राव ने पराली प्रबंधन में सुपर सीडर का प्रयोग कैसे किया जाय चर्चा। प्रोफेसर बिजेंद्र बजेंद्र ने फसल अवशेष प्रबंधन पर अपने भाषण देकर प्रशस्ति प्रमाण पत्र किसानों को दिया गया जिसमे श्री लाल बहादुर सिंह काला नमक के क्षेत्र में ध ार्म प्रकाश सिंह मछली पालन के क्षेत्र में मनोरमा मशरूम उत्पादक क्षेत्र में तुलाराम गुप्ता दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में श्री राम उजागीर चौधरी एकीकृत फसल प्रणाली के संबंध में 15 किसानों को प्रशस्ति पत्र दिया गया। इसी क्रम में गोंडा कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ मिथिलेश पांडे में सब्जियों पर विस्तृत चर्चा किया। फसल अवशेष प्रबंधन के प्रोजेक्ट इंचार्ज कृषि वैज्ञानिक डॉ प्रदीप कुमार ने फसल अवशेष प्रबंधन पर विस्तृत चर्चा किया कृषि वैज्ञानिक डॉ डीपी सिंह ने प्राकृतिक खेती पर चर्चा किया। कृषि वैज्ञानिक डॉ शेष नारायण सिंह त्वरित कंपोस्ट इकाई पर चर्चा किया। दलहन एवं तिलहन फसलों पर डॉ एस के मिश्रा ने चर्चा किया। रबी फसलों की समसामायिक पर डॉ मार्कंडेय सिंह ने चर्चा किया। मेले में केशव राम शर्मा श्राम बहादुर यादव जटाशंकर पांडे श्प्रेम शंकर चौधरी मोरध्वज सिंह सिविल सर्जन महेंद्र गिरी अमरजीत पाठक चंद्रमौली त्रिपाठी धर्म प्रकाश सिंह अशोक कुमार त्रिपाठी मुकेश मिश्र रामू जागीर चौधरी वेयर आलम हरीश कुमार अली मुर्तजा श्री रामदास मौर्या आदि मौजूद रहे।

## जन चौपाल लगाकर सुनी जन समस्याएं

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। विधान सभा रॉबर्टसगंज के पश्चिमी जोन ( चुर्क) के



ग्राम सभा सजौर के पंचायत भवन मे मीनू चौबे के नेतृत्व मे जन चौपाल लगाया गया जिसमे मुख्य अतिथि अभिषेक चौबे अधिवक्ता हाई कोर्ट राष्ट्रीय अध्यक्ष विधि मंच अपना दल एस रहे। अभिषेक चौबे ने समूह से जुड़ी महिलाओं से संवाद करते हुए उन्हें वर्तमान सरकार द्वारा मिलने वाले लाभ के बारे मे पूछा तथा समस्याओं से भी अवगत हुए ।उक्त कार्यक्रम मे विधान सभा अध्यक्ष महिला मंच स्नेहलता पांडे ,जिला उपाध्यक्ष धीरज चौबे , जिला उपाध्यक्ष पंचायत मंच अर्पित त्रिपाठी, उदित रवानी जी, सुनील रावत समेत आदि लोग उपस्थित रहे।

## डा, अम्बेडकर सामुदायिक केंद्र के सुन्दरींकरण का लोकार्पण घोरावल

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। सदर बिकास खण्ड के ग्राम पंचायत बहुआर में डा,




अम्बेडकरसामुदायिक केन्द्र के मरम्मत व सुन्दरी करण का लोकार्पण घोरावल बिधायक डाक्टर अनिल कुमार मौर्य द्वारा किया गया उक्त अवसर पर सदर ब्लाक प्रमुख अजीत रावत, ग्राम प्रधान आराधना त्रिपाठी, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि आशुतोष त्रिपाठी बरिष्ठ समाजसेवी धनंजय त्रिपाठी ग्राम सभा के बरिष्ठ ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## नवागत प्रभारी निरीक्षक राहुल कुमार सिंह गोला कोतवाली का सम्भाला कार्यभार

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोला /गोरखपुर ।जनपद के दक्षिणांचल में स्थित गोला कोतवाली पर शनिवार को खोराबार से स्थान्तरित होकर आए प्रभारी निरीक्षक राहुल कुमार सिंह ने बिधिवत कार्य भार ग्रहण कर लिया।जिला पुलिस मुखिया डॉ विपिन टाडा द्वारा यहां पर तैनात प्रभारी निरीक्षक दिलीप कुमार शुक्ला का स्थान्तरण कर सिकरीगंज थाने का प्रभारी बनाया गया है । शनिवार को गोला कोतवाली पर कार्यभार ग्रहण करने पहुचे राहुल कुमार सिंह ने पत्रकारों से रूबरू होकर बताया कि शासन के आदेश व निर्देशो का पूर्ण रूप से पालन करते हुए पीड़ितों को न्याय दिलाने के साथ साथ क्षेत्र में शांति ब्यवस्था कायम रखना पहली प्रथमिकता होगी। क्षेत्र में पुलिसिया हनक कायम रहेगी ।अपराधियो पर पूर्ण रूप से शिकंजा कसा जायेगा। पीड़ितों के लिए हमारा दरवाजा खुला रहेगा ।बताते चले कि श्री सिंह भदोही जनपद के मूल निवासी और 2001 बैच के है। इसके पूर्व प्रभारी निरीक्षक के रूप में खोराबार थाने पर इनकी तैनाती रही है। सूत्रों का कहना है कि श्री सिंह सरल, मृदुभाषी एवम मिलनसार प्रबृत्ति के अधिकारी है।



# प्रधानमंत्री देश की गरिमा को देखते हुए बयान दें: अनुज सिंह

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। कई दिनों से प्रधानमंत्री मोदी के सुरक्षा व खुद प्रधानमंत्री द्वारा यह कहना है कि मैं किसी तरह बच गया, क्या प्रधानमंत्री इतनी बड़ी पुलिस, एस. पी .जी. , कमांडो के बीच अपने ही देश में अपने को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं इससे बड़ी शर्म की बात किसी प्रधानमंत्री के लिए नहीं हो सकती उन्हें नैतिकता के आध ाार पर तत्काल इस्तीफा दे देना चाहिए था अब तो काफी देर हो गई क्योंकि अगर श्री मोदी जी हिंदुस्तान में सुरक्षित नहीं है तो या उनकी और उनके सरकार की कमजोरी है ऐसा कह कर न केवल उन्होंने सुरक्षाबलों , सुरक्षा एजेंसियों का मनोबल गिराया है स बल्कि दुनिया की नजर में देश को कमजोर साबित करने की पूरी तरह से कोशिश की है जहां श्री मोदी जी की सुरक्षा भी सुरक्षा बल करने की स्थिति में नहीं है, अच्छा होता सिर्फ मोदी जी और कोई बहाना बनाकर लौटा दे क्योंकि सच्चाई तो पहले ही उन्हें मालूम हो गई थी ऐसे में सस्ती लोकप्रियता के लिए सुरक्षाबलों व दूसरी सरकार को बदनाम करना ना करते क्योंकि वह भारत जैसे विशाल लोकतांत्रिक देश के प्रधानमंत्री हैं जी ने अपना ना सही देश का तो गरिमा का ध्यान रखना चाहिए था स यह बातें एक भेंट में कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष अनुज कुमार सिंह ने एक भेंटवार्ता में दी।



## आदर्श रिहंद शिक्षा निकेतन एकेडमी में 154 छात्रों को लगी को–वैक्सीन की पहली डोज'

### *वैक्सीनेशन को लेकर छात्र–छात्राओं में रहा उत्साह का माहौल*

दैनिक बुद्ध का संदेश

बीजपुर/सोनभद्र। कोविड 19 के विरुद्ध वैक्सिनेशन अभियान के तहत शनिवार को विकासखंड म्योरपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत



बीजपुर पुनर्वास प्रथम स्थित आदर्श रिहंद शिक्षा निकेतन एकेडमी में 15 से 18 वर्ष की आयु के 154 छात्रध्छात्राओं को को–वैक्सिन की पहली डोज लगाई गई। वैक्सीनेशन को लेकर विद्यार्थियों में उत्साह का माहौल रहा। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बीजपुर की सीएचओ गौरी कुमारी के द्वारा बच्चों का टीकाकरण किया गया ।इस दौरान ग्राम प्रधान प्रतिनिधि बीजपुर विश्राम सागर गुप्ता,जिला पंचायत सदस्य जरहां रामविचार गोंड़, प्रधानाचार्य ताड़कनाथ दुबे,संदीप राय, राकेश शर्मा,सत्यम सिंह,पुष्पेंद्र यादव,बालकिशुन सिंह यादव,छविन्दर पुरी, अतिमुननिशा समेत सभी शिक्षक शिक्षिकाएं एवं बच्चे मौजूद रहे।

## विधान सभा की जनता दोनो परिवारो से निजात चाहती है–अवधेश मिश्र



दैनिक बुद्ध का संदेश

नौतनवा/महराजगंज ।नौतनवा विधानसभा की जनता दोनों परिवारों के बीच में एक लंबे समय से पिसती रही है। इन दोनों परिवारो से जनता ऊब चुकी है और अब वह निजात चाहती हैं। यह क्षेत्र विकास से अछूता है। भारतीय जनता पार्टी ने जिस तरह से विकास के दरवाजे खोल रखे हैं । उसके बाद भी क्षेत्र का विकास जनप्रतिनिधियों के उपेक्षा के कारण नहीं हो सका।उक्त बातें आज शनिवार को नौतनवा में कार्यकर्ताओं से संपर्क के दौरान एक मुलाकात में पत्रकारों से बातचीत करते हुए नौतनवा विधानसभा के भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता अवधेश मिश्र ने बताया कि गांव के लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं को समझा उसके बाद यह स्पष्ट हो गया कि नौतनवा विधानसभा आज भी विकास से अछूता है। कुरवा घाट, सिंहपुर थरौली, मिलन चौराहा, कोल्हुआ ढाला, टेड़ी घाट, बभनी सहित ऐसे तमाम गांव सड़क से संपर्क विहीन है। उन्होंने यह भी कहां की इस बार नौतनवां विधानसभा की जनता कमल खिलाने का फैसला ले लिया है। प्रत्याशी कोई भी हो कमल खिलेगा।

## खेल–कूद के प्रति प्रेरित कर युवाओं को करेंगे नशामुक्त–वंशी धर पाण्डेय



दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र ।युवा कल्याण विभाग उ0 प्र0 सरकार द्वारा संचालित संगठन युवकध्महिला मंगल दल के ग्राम भरसही के अध्यक्ष वंशी ध ार पाण्डेय ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में बताया कि युवा कल्याण विभाग द्वारा ग्राम पंचायत भरसही में नव युवक मंगल दल व महिला मंगल दल के सदस्यों को जिला युवा कल्याण अधिकारी द्वारा खेल सामग्री का वितरण किया गया ।खेल सामग्री पाकर खिलाड़ियों के चेहरे खिल उठे ।जिला युवा कल्याण अधि ाकारी ने कहा कि खेलने से स्वास्थ्य अच्छा रहेगा और मस्तिष्क का विकाश होगा। वहीं युवक मंगल दल के जिलाध्यक्ष सौरभ कान्त पति तिवारी ने कहा कि निश्चय ही हमारे पंचायत इकाई के अध यक्ष वंशी धर पाण्डेय एंव उनकी टीम द्वारा सराहनीय कार्य किया जा रहा है और युवाओं को खेल–कूद के प्रति लगातार अभी प्रेरित कर रहे हैं ।उनके इसी कार्य को देखते हुए उन्हें आज प्रोत्साहन स्वरूप खेल कूद का सामान वितरण किया गया है ।इस मौके पर रवि, वंशी धर पांडेय,प्रतिमा शुक्ला समेत दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कोविड–19 टीकाकरण के संबंध में प्रधानाचार्यों के साथ की बैठक

सीतापुर। जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज की अध्यक्षता में राजकीय इण्टर कालेज सीतापुर के सभागार में कोविड.19 टीकाकरण के संबंध में इण्टर कालेज के प्रधानाचार्यों के साथ बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने बताया कि मुख्य सचिव शासन के पत्र 4 जनवरी 2022 द्वारा अवगत कराया गया है कि भारत सरकार द्वारा निर्गत दिशा निर्देशों के अनुपालन में शासनादेश 29 दिसम्बर के माध्यम से निर्गत विस्तृत निर्देशों के क्रम में 3 जनवरी 2022 से प्रदेश में 15 से 18 वर्ष के आयु वर्ग के बच्चों का कोविड टीकाकरण प्रारम्भ हो चुका है। उक्त शासनादेश 4 जनवरी 2022 के द्वारा उपरोक्त के दृष्टिगत 15 से 18 वर्ष के आयु वर्ग में कोविड टीकाकरण को सफल बनाने हेतु लाभार्थी बच्चों को टीकाकरण हेतु निम्नानुसार अवकाश प्रदान किये जाने के निर्देश प्रदान किये गये हैं। 15 से 18 वर्ष तक के आयु वर्ग के विद्यालयों, महाविद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों को कोविड वैक्सीनेशन हेतु टीकाकरण के दिन एवं उसके अगले दिन का विशेष अवकाश प्रदान किया जायेगा। यदि विद्यालयों, महाविद्यालयों को ही टीकाकरण का केन्द्र बनाया जाता है तो विद्यार्थी टीकाकरण के पश्चात घर जा सकेंगे एवं उन्हें अगले दिन का विशेष अवकाश मिलेगा। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सभी प्रधानाचार्य अपने विद्यालय, महाविद्यालय में अध्ययनरत 15 से 18 वर्ष या इसके ऊपर की उम्र के विद्यार्थियों को 15 जनवरी तक टीकाकरण कराया जाना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि स्वास्थ्य विभाग के समन्वय से तिथि निर्धारित कराते हुये टीकाकरण कराया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि तहसील स्तर पर नोडल अधिकारी नियुक्त किये गये हैं। तहसील सीतापुर के लिये नरेन्द्र सिंह उप प्रधानाचार्य राजकीय इण्टर कालेज सीतापुर मो0नं0.9415767805, तहसील महोली के लिये छत्रपाल यादव प्रधानाध्यापक राजकीय उ0मा0 विद्यालय मोहरनिया सीतापुर मो0नं0.9450793171, तहसील मिश्रिख के लिये सुरेश कुमार भारती, प्रधानाध्यापक राजकीय उ0मा0 विद्यालय भिठौरा सीतापुर मो0नं0. 9648978237, तहसील सिधौली के लिये रश्मि श्रीवास्तव प्रधानाध्यापिका राजकीय उ0मा0 विद्यालय सरौरा सीतापुर मो0नं0.8601922035, तहसील महमूदाबाद के लिये राजमहातिम यादव प्रधानाध्यापक राजकीय उ0मा0 विद्यालय भिटकुरा सीतापुर मो0नं0.9451407737, तहसील बिसवां के लिये राजेश कुमार यादव प्रधानाध्यापक मो0नं0. 9918437100 तथा तहसील लहरपुर के लिये साबिर अली प्रधानाध्यापक मो0नं0.9411123811 को नोडल अधिकारी बनाया गया है। जिलाधिकारी ने अपेक्षा की है कि टीकाकरण के लिये आने वाले छात्र आवश्यक दस्तावेज लेकर आयें एवं भोजन अवश्य करके आयें। बैठक के दौरान जिला विद्यालय निरीक्षक देवी सहाय तिवारी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

टीकाकरण के संबंध में जिलाधिकारी ने ग्राम प्रधानों के साथ की वर्चुअल बैठकः जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज ने वर्चुअल माध्यम से ग्राम प्रधानों के साथ बैठक कर उनके ग्राम पंचायत में शतप्रतिशत टीकाकरण कार्य पूर्ण कराने की अपील की। उन्होंने कहा कि ग्राम प्रधान अपने गांव के लोगों को टीकाकरण के प्रति जागरूक करें तथा भ्रान्तियों को दूर करें। जिलाधिकारी ने कहा कि जिन ग्राम पंचायतों में शतप्रतिशत टीकाकरण कार्य पूरा हो जायेगा उनके ग्राम प्रधानों को 26 जनवरी को सम्मानित भी किया जायेगा। वर्चुअल बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी अक्षत वर्मा, जिला पंचायत राज अधिकारी मनोज कुमार सहित सभी ब्लॉक स्तरीय अधिकारी, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, पंचायत सहायक एवं ग्राम प्रधान उपस्थित रहे।

# रेउसा क्षेत्र के लिए मील का पत्थर साबित होंगी 29 करोड़ लागत की चार परियोजनाएं

रेउसा (सीतापुर)। सेवता विधानसभा क्षेत्र को बाढ़ से मुक्ति दिलाने को लेकर मुख्यमंत्री महंत योगी आदित्यनाथ ने विधायक ज्ञान तिवारी की पहल पर तहसील बिसवां की चार परियोजनाओं को नए साल में मंजूरी प्रदान की है। बाढ़ सुरक्षा की यह परियोजनाएं इन क्षेत्रों में आने वाली बाढ़ के स्थाई समाधान में मील का पत्थर साबित होंगी। 29 करोड़ की इन परियोजनाओं पर बहुत जल्द ही काम शुरू हो जाएगा। इस वर्ष बाढ़ आने से पहले इन परियोजनाओं का काम पूरा करा लेने का प्रयास किया जाएगा। मालूम हो विधायक ज्ञान तिवारी ने निर्वाचित होते ही यह संकल्प लिया था कि उनकी पहली प्राथमिकता अपने विधानसभा को बाढ़ से मुक्ति दिलाने कि रहेगी बाढ़ के स्थाई समाधान को लेकर सबसे पहले कार्य होगा। इसी के तहत विधायक ने वर्ष 2017 में मुख्यमंत्री महंत योगी आदित्यनाथ को रेउसा क्षेत्र के मारूबेहड़ गांव में बुलाकर मुख्यमंत्री से बाढ़ के स्थाई समाधान का वादा दिलाया था। मुख्यमंत्री ने भी अपने वादे को पूरा करते हुए अभी तक बाढ़ सुरक्षात्मक परियोजनाओं कि जो मांग विधायक स्तर से की जाती रही। उनको दनादन मंजूरी देते रहे अब तक करीब 4 अरब रुपए की परियोजनाओं को मंजूरी मिली है। जिन पर काम पूर्ण हुआ या चल रहा है अब विधायक ने 29 करोड़ की चार अन्य महत्वपूर्ण परियोजनाओं को नए वर्ष में मंजूरी दिलाई है। इन परियोजनाओं के पूरा होने से दर्जनों गांव बाढ़ की विभीषिका से राहत पा सकेंगे। मालूम हो बाढ़ का दंश यह क्षेत्र वर्षों से झेलते चले आ रहे हैं। विधायक ज्ञान तिवारी जब विधायक नहीं थे तभी से बाढ़ की समस्या के समाधान को लेकर बाढ़ मुक्ति आंदोलन चलाते चले आ रहे हैं। उस दौरान विधायक ने जिला मुख्यालय पर क्रमिक धरना 10 दिन दिया था। जिसमें तत्कालीन भाजपा के प्रदेश स्तर के नेता सम्मिलित हुए थे इस धरने के बाद विधायक ने बाढ़ पीडिध्तों के साथ लखनऊ तक पैदल मार्च निकाला था और तत्कालीन राज्यपाल बीएल जोशी को बाढ़ के स्थाई समाधान को लेकर एक मांग पत्र भी दिया था। जिस पर तत्कालीन राज्यपाल ने भारत सरकार व प्रदेश सरकार को पत्र लिखा था वर्ष 2017 में विधायक निर्वाचित होने के बाद विधायक ज्ञान तिवारी ने बाढ़ के स्थाई समाधान को लेकर प्रयास शुरू किया। अब तक चार अरब की परियोजनाओं पर काम चल रहा है या पूर्ण हुआ है। वहीं अब 29 करोड़ की इन तीन परियोजनाओं के स्वीकृत हो जाने से बाढ़ के स्थाई समाधान का उनका प्रयास सार्थक साबित हो सकेगा। विधायक ज्ञान तिवारी ने बताया उन्होंने बाढ़ प्रभावित इलाकों में नदियों के बीच में ड्रेजिंग व रेगुलेटर को लेकर विभागीय मंत्री डॉ महेंद्र सिंह से वार्ता हुई है। बजट की कमी की वजह से इस पर धन आवंटन नहीं हो सका है। उन्होंने इन पर कार्य कराने की सहमति दी है। उम्मीद है आने वाले समय में यह कार्य हो जाने से नदियों का रुख ही बदल जाएगा। विधायक ने बताया बाढ़ का स्थाई समाधान उनकी सर्वोच्च व पहली प्राथमिकता अपने विधानसभा की है जिस पर काफी काम हुआ है आने वाले दिनों में इससे प्रभावित लोगों को बसाने उनको रोजगार देने के साथ ही शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित कराने को लेकर अभियान चलाकर काम किया जाएगा। विधायक ने बताया बाढ़ की परियोजनाओं पर हुए काम व सरकार की जो दृढ इच्छा शक्ति वह जनता के विश्वास का ही नतीजा है कि इस बार दो–दो बार बाढ़ आई लेकिन कोई गांव नहीं कटा सब सुरक्षित है कोई जनहानि नहीं हुई जो कटान हुआ भी उस पर काबू पाया गया।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में रिटर्निंग आफिसर व जोनल मजिस्ट्रेटों के साथ हुई बैठक

सीतापुर। आगामी विधानसभा सामान्य निर्वाचन.2022 को सकुशल सम्पन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में गुरूवार को मिश्रिख विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के रिटर्निंग आफिसर सहायक रिटर्निंग आफिसर एवं जोनल मजिस्ट्रेटों सेक्टर मजिस्ट्रेटों की बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि सभी संबंधित अधिकारी सभी बूथों पर नियमित रूप से भ्रमण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिये कि बूथों पर आवश्यक मूलभूत सुविधाओं में जो भी कमियां उन्हें तत्परतापूर्वक पूर्ण कराया जाये। शौचालय, रैम्प, बिजली, पानी की व्यवस्था प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराते हुये समस्त आवश्यक मूलभूत सुविधाएं तत्काल पूर्ण कराने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। जोनल मजिस्ट्रेट एवं सेक्टर मजिस्ट्रेटों को निर्देश दिये कि ईवीएम की पूर्ण जानकारी रखें। उन्होंने कहा कि मतदान शान्ति पूर्ण सम्पन्न कराना हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने निर्देश दिये कि मतदान के समय कोविड अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बिसवां एवं सेउता विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की बैठक सम्पन्न। आगामी विधानसभा सामान्य निर्वाचन.2022 को सकुशल सम्पन्न कराने के उद्देश्य से अपर जिलाधिकारी रामभरत तिवारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में गुरूवार को बिसवां एवं सेउता विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के रिटर्निंग आफिसर सहायक रिटर्निंग आफिसर एवं जोनल मजिस्ट्रेटों, सेक्टर मजिस्ट्रेटों की बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी ने निर्वाचन संबंधी समस्त आवश्यक प्रबंध समय से पूर्ण करने के निर्देश दिये।

## हजारों लोगों के करोड़ों रुपए हड़पने के मामले को लेकर आवाज उठाई, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

सिधौली (सीतापुर)। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के बैनर तले आज दर्जनों लोगों ने सहारा व पल्स कंपनी द्वारा देश के हजारों लोगों के करोड़ों रुपए हड़पने के मामले को लेकर आवाज उठाई। जिसका ज्ञापन अमर सिंह राणा के नेतृत्व में राज्यपाल को संबोधित करते हुए सिधौली उप जिलाधिकारी कार्यालय में सौंपा गया। ज्ञापन में बताया गया है दोनों कंपनियों द्वारा देश के गरीबों और जरूरतमंदों से निवेश के नाम पर एफ डी व आरडी व अन्य मदों में निवेश करवाया गया। जिसके लिए सिधौली क्षेत्र की जनता ने भी करोड़ों रुपए सहारा कंपनी में जमा करवाएं थे कि जब उन्हें जरूरत होगी तब उन्हें पैसे मिल जाएंगे। लेकिन राष्ट्रीय सहारा कंपनी में किए गए निवेश के समय अवधि पूरी हो जाने के बाद भी लोगों को पैसा नहीं मिल पा रहा है। ज्ञापन में बताया गया सरकार द्वारा राष्ट्रीय सहारा व पल्स कंपनी के विरुद्ध सेबी जांच एजेंसी द्वारा जांच की गई और इसी प्रकार पल्स कंपनी द्वारा हाउसिंग के नाम पर भी काफी निवेशकों से रुपया जमा करवाया गया। जिसे भी तेज सेबी ने बंद करवा दिया 5 से 6 वर्ष पूर्ण हो जाने के बाद भी निवेशकों और जेल नहीं हो पा रहा है। जिसको लेकर दर्जनों लोग उपजिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे और राज्यपाल के संबोधन में ज्ञापन दिया। इस मौके पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विनय यादव, विनय यादव, सुधा देवी, चांदनी, अशोक यादव, कमला रावत, आयुष कुमार, वीरेंद्र सहित कई लोग मौजूद।

## मलेरिया आदि रोगों से बचाव के लिए आशा बहुओं को दिया गया प्रशिक्षण

हरदोई। मच्छर जनित रोगों के बचाव को लेकर नगर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर आशा बहुओं को प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें रक्त पट्टिका बनाने ,रोगों के लक्षणों आदि के बारे में उन्हें विस्तार से समझाया गया। पाली नगर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर आशा बहुओं के प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिले से आई टीम ने उन्हे मच्छर जनित रोगों के लक्षण और बचाव के बारे में बताया,साथ ही रक्त पट्टिका बनाने का भी प्रशिक्षण दिया। सहायक मलेरिया अधिकारी संतोष कुमार त्रिपाठी ने प्रशिक्षण के दौरान आशा बहुओं को बताया कि प्रत्येक बुखार खतरनाक और जानलेवा हो सकता है इसलिए अपने निकटवर्ती प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर जाएं,जहां जांच और इलाज दोनों निःशुल्क है। किसी गांव में मरीजों की संख्या अधिक है तो आरडीसी किट द्वारा जांच कर तुरंत इलाज की व्यवस्था की जाएगी। टेक्नीशियन रणवीर सिंह द्वारा प्रशिक्षण में मौजूद आशा बहुओं को रक्त पट्टिका बनाने के बारे में बताया गया।इस मौके पर प्रमुख रूप से प्रभारी चिकित्सा अधिकारी भरखनी सहित कर्मचारी उपस्थित रहे।

# किसानों की समस्याओं को लेकर भाकियू नेता ने न्यायिक मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन

हरदोई। भारतीय किसान मजदूर यूनियन दशहरी के कार्यवाहक जिलाध्यक्ष प्रमोद कुमार सिंह के नेतृत्व में सैकडों कार्यकर्ताओं ने ब्लॉक मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन कर किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर न्यायिक मजिस्ट्रेट सवायजपुर को जिलाधिकारी के संबोधित ज्ञापन सौंपा। भाकियू नेता प्रमोद कुमार सिंह ने ब्लॉक मुख्यालय पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन करते हुए कहा ,आवारा गोवंश किसानों की फसलें बर्बाद कर रहे हैं। शासन के सख्त निर्देशों के बावजूद भी सैकड़ों की तादाद में गोवंशो के झुंड खेतों में घूम रहे हैं।जिन्हें तत्काल पकड़वाकर संबंधित गोशाला भिजवाया जाता तथा प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर स्थाई पशु आश्रय स्थल का निर्माण कराया जाए। चियासर गंगा घाट पर नदी में पैंटून पुल का निर्माण किया जाए। जिससे कि फर्रुखाबाद कन्नौज से आवागमन करने वाले किसानों को काफी सुविधा मिलेगी। हरपालपुर विकास क्षेत्र की ग्राम पंचायत टिकार में पिछले एक दशक से दर्जनों परिवार घास फूस से बनी झोपड़ी अथवा तिरपाल के नीचे रहने को मजबूर हैं। जिन्हें अभी तक आवास की सुविधा मुहैया नहीं कराई जा सकी है। पात्रों का सर्वे कराकर उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभान्वित किया जाए। ब्लॉक मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन कर रहे किसान नेताओं की बात न सुनने पर संगठन के कार्यकर्ता जिला मुख्यालय के लिए पैदल कूच कर गए है। करीब 3 किलोमीटर आगे पहुंचे कटरा बिल्हौर हाईवे पर इकनौरा गांव के पास न्यायिक मजिस्ट्रेट सवायजपुर रमेश चन्द्र यादव, खंड विकास अधिकारी डॉक्टर संतोष वर्मा नायब तहसीलदार सुनील कुमार ने ज्ञापन लेकर किसानों की समस्याओं का अविलंब निस्तारण का आश्वासन दिया। इस मौके पर तहसील अध्यक्ष लल्लन कुशवाहा, ब्लॉक अध्यक्ष तालिब खान, पिंटू सिंह,मैनूद्दीन,पुष्पेन्द्र यादव,सौरव यादव बन्टी मौजूद रहे।

## एससीएसटी का घर जलाने के आरोप में दो भाइयों को आजीवन कारावास

सीतापुर। विशेष न्यायाधीश एससी एसटी एक्ट ने अनुसूचित जाति के व्यक्ति का घर जलाने के आरोप में दो सगे भाइयों को आजीवन कारावास एवं 10000, 10000 रुपए के अर्थदंड की सजा सुनाई है। मुकदमे में अभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी विशेष लोक अभियोजक अरुण अग्निहोत्री एवं अतुलजय तिवारी ने की। अभियोजन कथानक के अनुसार थाना कोतवाली मिश्रिख अंतर्गत ग्राम निवासी वादी मुकदमा रायसेन में थाना मिश्री पर दर्ज कराए गये। अभियोग में बताया था कि घटना की रात 27 दिसंबर 94 को रात 1 बजे जब वह अपने घर में सो रहा था। तभी वादी के घर से मिले हुए उसके भाई श्रवण कुमार के घर के छप्पर में पड़ोस गांव महसुनिया निवासी शिव कुमार सिंह शिव आधार सिंह मुरारी सिंह व विमलेश सिंह ने आग लगा दी थी। खाली जलने का शोर सुनकर जब वादी और गांव के अन्य लोग घरों से निकलकर आग बुझाने के लिए पड़ोस में स्थित कुएं पर गए तो वहां पर मौजूद मुलजिम द्वारा अपने नाजायज असलहा से फायर करके लोगों को कुएं पर आकर पानी निकाल ने पर जान से मार देने की धमकी दी थी। इस मामले की विवेचना के उपरांत पुलिस ने चारों नामजद आरोपियों के विरुद्ध आरोप पत्र न्यायालय प्रेषित किया था। जिसमें आरोपी शिव कुमार सिंह व शिवआधार सिंह के दौरान विचारण मृत्यु हो गई थी। विद्वान न्यायाधीश श्रीमती रीता गुप्ता ने मामले की सुनवाई पूर्ण कर आरोपी मुरारी सिंह व उसके भाई विमलेश सिंह को आजीवन कारावास एवं 10,000 10,000 रुपए अर्थ दंड की सजा सुनाई है।

# अन्ना जानवरों से परेशान किसानों ने प्राथमिक विद्यालय में बंद किए मवेशी

हरदोई। अन्ना पशुओं से परेशान ग्रामीणों ने पशुओ को घेरकर प्राथमिक विद्यालय आंटियां में बंद कर दिया। विद्यालय में पशुओं के बंद की सूचना पर पुलिस व प्रधान ने पशुओं को गौशाला भेजवाया।

क्षेत्र में किसान अन्ना पशुओं से परेशान हैं अपनी फसल को बचाने के लिए सर्द व ठिठुरती रातो में खेत पर गुजर रहे है। इसी से परेशान होकर ग्राम आंटियां, मदारनगर, राधापुर, कुतवापुर, पाठकपुरवा,मगराहा, सहित दर्जनों गांवों के किसानों ने खेतो में घूम रहे करीब आधा सैकड़ा से अधिक अन्ना पशुओं को घेर कर प्राथमिक विद्यालय आंटियां में बंद कर दिया। जिसकी सूचना ग्रामीणों ने पुलिस , प्रधानाध्यापक व प्रधान को दी जिस पर प्रधान प्रतिनिधि रेशू सिंह व पुलिस ने मिलकर ग्रामीणों को समझाया और फिर पशुओं को धीरे धीरे प्यारेपुर गौशाला भेजवाना शुरू किया। किसान रामप्रसाद मगराहा, जगदीश आंटियां, सोने माहिमपुर, राजाराम ने बताया कि अन्ना पशुओं का झुंड का झुंड खेतों में पहुच जाता है और पूरी फसल चट कर जाता है। सरकार की मंशा थी और कुछ दिन मंशा के अनुरूप अन्ना मवेशियों अस्थाई गौशालाओं में रखने के लिए प्रशासन के लोग भी बराबर मेहनत करते दिख रहे थे लेकिन कुछ वर्षों से सरकार के इस ड्रीम प्रोजेक्ट को अधिकारियों ने पलीता लगा दिया जिसका अंजाम आज किसान भुगत रहे हैं।

## मिल प्रशासन की लापरवाही से किसी भी समय घट सकती है बड़ी दुर्घटना

हरदोई ।हरियावां चीनी मिल की वजह से मुख्य मार्ग हरदोई पिहानी रोड पर हल्की सी भी बरसात से कीचड़ जम जाता है, जिससे किसी भी समय दुर्घटना घट सकती है। उन्होंने मिल प्रशासन की लापरवाही का जायजा लिया। कई गन्ना किसानों से पूछताछ की वहां पर गन्ना किसानों ने बताया आए दिन यहां पर मोटरसाइकिल सवार गिर जाते हैं और काफी चोटिल हो जाते हैं लेकिन अभी तक मिल प्रशासन की तरफ से कोई रोड को साफ रखने की व्यवस्था नहीं की गई है जबकि मिल प्रशासन के पास पानी के टैंकर हैं कीचड़ हटाने की कई अत्याधुनिक मशीनें हैं लेकिन फिर भी राहगीरों को मिल प्रशासन की तरफ से बराबर खतरा बना रहता है।

ोड पर पूरी तरीके से फिसलन बनी रहती है जिससे दो पहिया वाहन को बराबर खतरा बना रहता है और चार पहिया वाहन भी फिसल जाते हैं,वहीं पर एक साइड में ट्रकों का जाम लगता है जिससे रोड पर रास्ता भी कम मिलता है। राहगीरों को दूसरी तरफ ट्रैक्टर का आना जाना रहता है मिल के अंदर जिस वजह से बराबर खतरा बना रहता है किसानों ने यह भी बताया कि मिल प्रशासन के कई अधिकारियों से इस बात के लिए कहा गया लेकिन किसी भी अधिकारी कर्मचारी ने अभी तक इस बात पर कोई ध्यान नहीं दिया है वहीं दूसरी तरफ इतने कोहरे और ठंड में मिल के अंदर गन्ना किसानों के लिए मिल प्रशासन की तरफ से अलाव की भी कोई व्यवस्था नहीं की गई है, जबकि गन्ना ले जाते किसानों को कभी कभी पूरी रात चीनी मिल के अंदर रहना पड़ता है. लेकिन उनके लिए अलाव की कोई व्यवस्था मिल प्रशासन की तरफ से नहीं की गई है।

# लोक निर्माण विभाग के सहयोग से एक करोड़ बीस लाख की लागत से मरसा में बनी गौशाला

हरदोई ।(आरएनएस )सुरसा विकास खंड के अंतर्गत मरसा गांव में लोक निर्माण विभाग के सहयोग से बनाई गई गौशाला का उद्धघाटन क्षेत्रीय विधायक प्रभाष कुमार व ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि धनंजय मिश्रा ने किया। विधायक ने क्षेत्रीय लोगों से गौवशों को छुट्टा ना छोड़ने की बात की अपील की। विधायक प्रभाष कुमार ने कहा कि भाजपा सरकार ने हमेशा ही गरीबों और किसानों की हित की बात की और उसको अमल में लाया,किसान सम्मान निधि इसका सीधा उदहारण है।जिसके जरिए भाजपा सरकार ने गरीब किसानों को सीधा सम्मान दिया।भाजपा सरकार में दलाली और भ्रष्टाचार पर पूरी तरह से रोक लगी है।आनलाइन आवेदन के माध्यम से किसानों को सभी योजनाओं का सीधा लाभ मिल रहा है।इस समय गांव गांव छुट्टा गौवंश की वजह से किसानों की परेशानी की बात सामने आ रही थी,जिसका संज्ञान लेते हुए गांव गांव गौशालाओं का निर्माण करवाया जा रहा है। ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि धनंजय मिश्र ने कहा कि ये गौवंश जो खेतों में नुकसान कर रहे हैं,वह कहीं बाहर से नहीं आए हैं,ये किसानों के द्धारा ही छोडे गए हैं,सरकार तो इसकी रोकथाम के लिए गांव गांव गौशालाएं बनवा रही है लेकिन हम सभी को भी इसके लिए आगे आना चाहिए और गौवंश को छुट्टा छोड़ने के बजाए उनको गौशाला में ले आएं।

खंड विकास अधिकारी सुरसा डाक्टर रामप्रकाश ने बताया कि लोक निर्माण विभाग के सहयोग से एक करोड़ बीस हजार की लागत से मरसा गांव में बृहद गौशाला का निर्माण करवाया गया ,जहां पर 200 गौवशं के चारे पानी की की समुचित व्यवस्था के साथ ही चार टीन शैड बनवाए गए हैं।इस मौके पर प्रमुख रूप से ग्राम पंचायत अधिकारी प्रेमपाल, राजू यादव सत्यपाल सिंह,ज्ञानू द्विवेदी संदीप मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे।

## सैम्पलिंग की गति बढ़ाने और निगरानी समितियों को अधिक सक्रिय करने के निर्देश दिये:जिलाधिकारी

हरदोई। एकीकृत कोविड कमाण्ड सेंटर में जिलाधिकारी अविनाश कुमार की अध्यक्षता में कोविड प्रबंधन के संबंध में एक समीक्षा बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कोविड से निपटने के लिए बेहतर समन्वय पर जोर दिया। उन्होंने सैम्पलिंग की गति बढ़ाने और निगरानी समितियों को अधिक सक्रिय करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि व्यापक स्तर पर कांटेक्ट ट्रेसिंग की जाय। उन्होंने कमाण्ड सेंटर में साफ–सफाई रखने के निर्देश दिए।

हिन्दी दैनिक
बुद्ध का संदेश
समाचार पत्र
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स, ज्योतिनगर, मधुकरपुर, निकट हीरो हौंडा एजेन्सी, सिद्धार्थनगर , 272207 उ.प्र. से मुद्रित एवं प्रकाशित।
आर.एन.आई. नं.– UPHIN/2012/49458
संस्थापकः– स्व. के.सी. शर्मा
सम्पादकः– राजेश कुमार शर्मा
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एंव सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इन से उत्पन समस्त विवाद जनपद सिद्धार्थनगर.न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।
8795951917, 9453824459
ई–न्यूज पेपरः– www.budhakasandesh.com
E-Mail ID:. budhakasandeshnews@gmail.com

# किडनी को स्वस्थ रखने में सहायक हैं ये खाद्य पदार्थ, डाइट में जरूर करें शामिल



किडनी शरीर का एक महत्वपूर्ण अंग है और शरीर की कई प्रक्रियाओं में इसका महत्वपूर्ण योगदान रहता है। इसलिए किडनी का ध्यान रखना बहुत जरूरी है क्योंकि इसके कमजोर पड़ जाने पर शरीर के कई कार्य रुक जाएंगे और गंभीर बीमारियां भी उत्पन्न हो सकती हैं। किडनी को स्वस्थ रखने में कुछ खाद्य पदार्थों का सेवन काफी फायदेमंद साबित हो सकता है। चलिए फिर ऐसे ही कुछ खाद्य पदार्थों के बारे में जानते हैं।

लहसुन

लहसुन में बहुत गुणकारी एंटी–माइक्रोबायल एजेंट पाए जाते हैं, जो किडनी पर सकारात्मक प्रभाव डाल सकता है और आपको किडनी से जुड़ी कई बीमारियों से राहत दिला सकता है। इसके लिए रोजाना लहसुन को छोटे टुकड़ों में काटकर या उसे बारीक कद्दूकस करके कच्चा चबा सकते हैं। अगर आपको इसे कच्चा खाने में किसी तरह की परेशानी का अनुभव हो रहा है तो आप इसे अपनी सब्जी या फिर चटनी में भी शामिल कर सकते हैं।

उच्च प्रोटीन युक्त आहार

प्रोटीन युक्त खाद्य पदार्थों का सेवन भी किडनी को स्वस्थ बनाए रखने में मदद कर सकता है और इसे कई तरह के स्वास्थ्य लाभ भी प्रदान कर सकता है। डाइट में प्रोटीन युक्त आहार को शामिल करने का सबसे बड़ा फायदा है कि ये शरीर में मजबूती बनाए रखने में भी सहायक है। साबुत अनाज, ब्रोकोली, गाजर, स्वीटकॉर्न, शकरकंद, बीन्स, दाल, मेवे और खाद्य बीज आदि प्रोटीन युक्त होते हैं।

हरी पत्तेदार सब्जियां

पालक, मेथी और बथुआ जैसी हरी पत्तेदार सब्जियां न सिर्फ फाइबर का बेहतरीन स्त्रोत होती हैं, बल्कि ये विटामिन– सी, विटामिन– के, विटामिन– ए और फोलेट जैसे पोषक तत्वों से भी समृद्ध होती है, जो किडनी को दुरुस्त रखने में अहम भूमिका अदा कर सकते हैं। इसके अलावा, हरी सब्जियां शरीर की कई जरूरतों को भी पूरा कर सकती हैं और कई तरह की बीमारियों और संक्रमण से बचाकर रखने में भी मदद कर सकती हैं।

ब्लूबेरीजः ब्लूबेरीज को डाइट में शामिल करना भी किडनी के लिए फायदेमंद सिद्ध हो सकता है क्योंकि ये एंथोसायनिन फ्लेवोनोइड और पॉलीफेनोल गुणों से भरपूर होती हैं, जो एंटीऑक्सीडेंट की तरह कार्य करते हैं। इसके साथ ही इसमें विटामिन–सी और अन्य जरूरी पोषक तत्व भी पाए जाते हैं। ये सभी पोषक तत्व किडनी को स्वस्थ रखने, ब्रेन फंक्शन में सुधारने, हड्डियों को मजबूत करने और रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने में मददगार सिद्ध हो सकते हैं।

# 2022 में कृति सेनन की पांच फिल्में होंगी रिलीज

कृति सेनन की 2022 में पांच फिल्में रिलीज होंगी। सभी फिल्में अलग–अलग शैलियों से संबंधित हैं। वह अपनी पिछले साल की रिलीज मिमी को अपनी कला में निखार लाने का श्रेय देती हैं। बीते हुए साल पर विचार करते हुए, कृति कहती हैं कि पेशेवर रूप



से 2021 एक अद्भुत वर्ष था। मिमी को जिस तरह का प्यार मिला है, वह बेहद जबरदस्त है और इसने न केवल मुझे एक एक्टर के रूप में जोखिम लेने के लिए और अधिक आश्वस्त किया है, बल्कि मुझे मजबूत भी बनाया है। आने वाले वर्ष में और अधिक प्रयोग करने वाली भूमिकाएँ निभाने की आशा करते हुए, अभिनेत्री ने साझा किया कि जो बात मुझे सबसे अधिक उत्साहित करती है, वह यह है कि ये सभी परियोजनाएँ पूरी तरह से अलग शैलियों और दुनिया से संबंधित हैं। इसलिए 2022 में फैंस के बहुत कुछ है। अभिनेत्री प्रभास के साथ आदिपुरुष, अक्षय कुमार के साथ बच्चन पांडे, टाइगर श्रॉफ के साथ गणपत, वरुण धवन के साथ भेडिया और कार्तिक आर्यन के साथ शहजादा में नजर आएँगी।




# लारा दत्ता ने अपनी अपकमिंग सीरीज कौन बनेगा शिखरवती के डायरेक्टर्स की तारीफ की



लारा दत्ता अपनी अपकमिंग सीरीज कौन बनेगा शिखरवती को लेकर काफी एक्साइटेड है। सीरीज का 7 जनवरी को जी5 पर प्रीमियर हुई। शो के प्रीमियर से पहले एक्ट्रेस लारा ने सोशल मीडिया का सहारा लेते हुए अपने डायरेक्टर्स की तारीफ की है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया प्रोफाइल पर कौन बनेगा शिखरवती के सेट की कुछ पुरानी यादें शेयर की है और साथ ही कैप्शन में लिखतीं है, यह पोस्ट मेरे डायरेक्टर्स के लिए है। गौरव चावला और अनन्या बनर्जी के लिए बहुत सारा प्यार और रिस्पेक्ट।

आप दोनों ने बहुत ही यूनीक चीज बनाई है। और जिंदगीभर के लिए बहुत ही यादगार और शानदार एक्सपीरियंस दिया है। प्तकौनबनेगाशिखरवती का प्रीमियर आज जी5 पर होगा। यह सीरीज कॉमेडी और ड्रामे से भरपूर होने वाली है। ट्रेलर देखकर लग रहा है कि यह सीरीज आपको एक मजेदार राइड पर ले जाने वाली है। लारा के अलावा शो में नसीरुद्दीन शाह, सोहा अली खान, कृतिका कामरा और अन्या सिंह भी मुख्य किरदारों में है। कौन बनेगी शिखरवती की कहानी राजा मृत्युंजय (नसीरुद्दीन शाह) और उनके परिवार के ऊपर आधारित है। सीरीज की कहानी आपको हंसाने के साथ ही साथ इमोशनल भी कर देगी। आपको बता दें कि अभिनेता रघुबीर यादव, साइरस साहूकार, वरुण ठाकुर और अनुराग सिन्हा भी प्रमुख भूमिका निभाते नजर आने वाले है। इस कॉमेडी ड्रामा शो को गौरव चावला और अनन्या बनर्जी ने मिलकर डायरेक्ट किया है। एम्मे एंटरटेनमेंट और अप्लॉज एंटरटेनमेंट द्वारा इस वेब शो को प्रोड्यूस किया जा रहा है। सीरीज का प्रीमियर 7 जनवरी को जी5 पर हुआ।

# दही का अधिक सेवन स्वास्थ्य को पहुंचा सकता है नुकसान, जानिए कैसे



इस बात में कोई दो राय नहीं है कि दही का सेवन स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद होता है क्योंकि इसमें कई ऐसे पोषक गुणों से समृद्ध होता है जो स्वास्थ्य के लिए जरूरी माने जाते हैं। हालांकि, क्या आप इस बात से वाकिफ है कि दही का अधिक सेवन स्वास्थ्य के लिए नुकसानदायक भी हो सकता है। आइए आज हम आपको बताते हैं कि दही के अधिक सेवन से आपको किन–किन स्वास्थ्य संबंधित समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।

पाचन क्रिया को कर सकता है प्रभावित

वैसे तो दही का सेवन पाचन क्रिया के लिए फायदेमंद माना जाता है क्योंकि इसमें मौजूद एंटासिड पेट संबंधी समस्याओं से राहत दिलाने में मदद कर सकता है। हालांकि, अगर आप दही का अधिक सेवन करते हैं तो इससे पाचन क्रिया पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। इस स्थिति में एंटासिड पाचन को खराब कर सकता है, जिस कारण पेट अपच, गैस और अपच जैसी पाचन संबंधित समस्याएं हो सकती हैं। इसलिए दही का अधिक सेवन करने की भूल न करें।

त्वचा पर हो सकती है एलर्जी

अगर आप दही का सीमित मात्रा में सेवन करते हैं तो यह त्वचा को हाइड्रेट करने के साथ–साथ कई पोषक तत्व भी प्रदान करता है। वहीं, अगर आप इसका अधिक सेवन करते हैं तो इससे त्वचा को फायदे की बजाय नुकसान पहुंच सकता है। बता दें कि दही के अधिक सेवन से त्वचा पर सूजन, खुजली और रैशेज आदि समस्याएं हो सकती हैं। इसलिए इसका सेवन हमेशा सीमित मात्रा में ही करें।

जी मचलाना और उल्टी आनाः किसी भी चीज की अति नुकसान का कारण बन सकती है। ऐसा ही कुछ दही के सेवन के साथ भी है। अगर आप दही का अधिक सेवन करते हैं तो इससे पाचन पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। इसके कारण आपको उल्टी और जी मचलाने की समस्या हो सकती है। इसके अलावा, इस वजह से आपको सिरदर्द और चिड़चिड़ापन जैसी समस्याएं भी उत्पन्न हो सकती हैं। इसलिए दही का अधिक सेवन करने की गलती न करें।

नींद न आने की समस्या

यह समस्या आपको दही का अधिक सेवन करने के अलावा गलत समय पर दही का सेवन करने से उत्पन्न हो सकती है। उदाहरण के लिए शाम के बाद दही का सेवन स्वास्थ्य के लिए नुकसानदायक हो सकता है। खासकर, अगर आप रात का खाना खाने के साथ दही का सेवन करते हैं तो यह वास्तव में आपके नींद के पैटर्न को प्रभावित करके लंबे समय तक जागने पर मजबूर कर सकता है।

# आदेश श्रीवास्तव के बेटे अवितेश सिर्फ एक फ्राइडे से करेंगे डेब्यू

दिवंगत संगीतकार आदेश श्रीवास्तव के बेटे अभिनेता अवितेश श्रीवास्तव लॉयड बैप्टिस्टा द्वारा निर्देशित सिर्फ एक फ्राइडे में




अभिनय करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। फिल्म अवितेश द्वारा निभाए गए एक युवा लड़के की कहानी बताती है, जो एक समृद्ध पृष्ठभूमि से आता है, जो पैसे, कारों, पार्टियों और दोस्तों का दावा करता है, लेकिन एक सफल अभिनेता बनने के अपनी मृत मां के अधूरे सपने का पालन करने का फैसला भी करता है। अपने ब्रेक के बारे में बात करते हुए, अवितेश कहते हैं कि इस फिल्म का हिस्सा बनना मेरे लिए बहुत बड़ा सम्मान और सौभाग्य की बात है। मैं कहानी से बहुत प्रभावित हुआ। मैंने इसे पढ़ते ही हां कर दी थी। फिल्म में अवितेश की कास्टिंग के पीछे का कारण बताते हुए, फिल्म के निर्माता, दीपक मुकुट कहते हैं, हम इस फिल्म के लिए एक असामान्य कलाकार चाहते थे। यह एक मार्मिक कहानी है। सिर्फ एक फ्राइडे का निर्माण दीपक मुकुट, मानसी बागला और वरुण बागला ने सोहम रॉकस्टार एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के बैनर तले किया है।